राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 65
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 03 फरवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेनो ने अजनारा होम्स पर 54 लाख की पेनल्टी ठोकी
पेज 4 बोर्ड परीक्षा व्यवस्था में अनुशासन की पहल
पेज 6 टी20 विश्वकप मैच के लिए तय समय पर श्रीलंका पहुंचेगी भारतीय

## संक्षिप्त खबरें

### महाराष्ट्र-सरपंच बनने के लिए 6 साल की बेटी का मर्डर

**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक शख्स पर अपनी छह साल की बेटी की हत्या का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राज्य में होने वाले आगामी पंचायत चुनाव में सरपंच बनने के लिए खुद को योग्य बनाना चाहता था। पुलिस के मुताबिक, केरूर गांव का रहने वाला 28 साल का पांडुरंग कोंडमंगले के तीन बच्चे हैं। इनमें एक तीन साल का बेटा और छह साल की जुड़वां बेटियां शामिल हैं। वह गांव में विराट सैलून नाम से दुकान चलाता था। वह पंचायत चुनाव में सरपंच का चुनाव लड़ना चाहता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पांडुरंग को पंचायत चुनाव में दो बच्चों के नियम के कारण अयोग्य होने की आशंका सता रही थी।

### नवी मुंबई से लापता लॉ स्टूडेंट लोनावला में मृत मिली

**मुंबई।** नवी मुंबई से लापता हुई 20 साल की लॉ स्टूडेंट का शव पुणे जिले के लोनावाला में टाइगर पॉइंट की 400 फीट गहरी खाई में मिला है। पुलिस के मुताबिक, युवती 30 जनवरी से लापता थी। शव का पता ड्रोन कैमरों की मदद से लगाया गया। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान श्रेया नरेंद्र पाटी (20) के रूप में हुई है। वह BITS लॉ स्कूल की स्टूडेंट थी। 1 फरवरी को स्थानीय ट्रेकिंग ग्रुप शिवदुर्ग मित्र ट्रेकर्स ने खाई से युवती का शव बाहर निकाला। पुलिस को आशंका है कि युवती ने घरेलू तनाव के कारण आत्महत्या की है।



## हैप्पी मॉर्निंग


मुझे भी देखने दो, किसका एक्सीडेंट हुआ है...?
पप्पू भीड़ को हटाते हुए बोला...
जब कोई हटा नहीं, तो वह चिल्लाता हुआ बोला- जिसका एक्सीडेंट हुआ है, मैं उसका बाप हूं...
रास्ता मिल गया और पप्पू ने देखा तो एक गधा मरा पड़ा था...!



## शायरी

ज़िंदगी तू ने मुझे क़ब्र से कम दी है ज़मीं
पाँव फैलाऊँ तो दीवार में सर लगता है

## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,666.46
+943.52 (1.17%)
निफ्टी:
25,088.40
+262.95

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 09 डिग्री से0 |
| सूयोदय बुधवार | : | 7 : 09 |
| सूर्यास्त मंगलवार | : | 6 : 08 |

### ताजा बर्फबारी




पटना विश्वविद्यालय के छात्रों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी विनियम, 2026' के समर्थन में एक मार्च निकाला।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-जाति गणना केवल सेल्फ डिक्लेरेशन से नहीं होनी चाहिए

**सत्यापन जरूरी; केंद्र और अधिकारियों से इसपर विचार करने को कहा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि 2027 की जनगणना में जाति गणना सिर्फ सेल्फ डिक्लेरेशन के आधार पर नहीं होनी चाहिए। इसके बजाय इसे किसी भरोसेमंद तरीके से या सबूत के आधार पर करने पर विचार करें।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने आकाश गोयल की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि केवल बिना जांच वाले सर्टिफिकेट के आधार पर किसी को शामिल या बाहर नहीं किया जाना चाहिए।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने कहा कि वे जाति जनगणना के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे सत्यापित सामग्री के आधार पर किया जाना जरूरी है। यह डेटा कई सालों तक योजनाओं, आरक्षण और नीतियों का आधार बनेगा, इसलिए यह सिर्फ आत्म-घोषणा पर आधारित नहीं होना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट की चार बड़ी बातें

जनगणना एक विशेष और तकनीकी प्रक्रिया है। यह तय करना जनगणना अधिकारियों और विशेषज्ञों का काम है कि डेटा कैसे इकट्ठा किया जाए। हालांकि, याचिकाकर्ता की चिंताओं को प्रतिनिधित्व के रूप में सामने रखा जा सकता है।

आपने सराहनीय काम किया है। आपने अधिकारियों का ध्यान इस मुद्दे की ओर दिलाया है और उन्हें संवेदनशील भी किया है। अगर इसके बावजूद कोई गलती होती है, तो कानून अपना रास्ता खुद तय करेगा।

जनगणना अधिनियम, 1948 और 1990 में बने नियमों के तहत होती है। इन नियमों के अनुसार जनगणना के विवरण और प्रक्रिया तय करने का अधिकार संबंधित अधिकारियों को है।

कोर्ट को भरोसा है कि विशेषज्ञों की मदद से एक मजबूत व्यवस्था बनाई गई होगी, जिससे गलतियों की आशंका न रहे।

हम सिर्फ इतना कर सकते हैं कि अधिकारियों को यह निर्देश दें कि वे इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे पर विचार करें।



# दबाई जा रही विपक्ष की अवाज

**पता नहीं इतना क्यों डरे हुए हैं? 56 इंच की छाती को क्या हो गया; सदन से बाहर निकलते बिफरे राहुल गांधी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को दावा



किया कि उन्हें लोकसभा में राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर बोलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात से डरी हुई है कि अगर पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे की पुस्तक की बातें सामने आ जाएंगी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की असलियत देश को पता चल जाएगी।

राहुल गांधी ने लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि देश को यह भी पता चलेगा कि जब चीन के सैनिक आगे बढ़ रहे थे तो 56 इंच की छाती का क्या हुआ था।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मेरा कहना है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है।

यह पूर्व सेना प्रमुख की रक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री से बातचीत के बारे में है। मोदी जी ने उनसे क्या कहा, राजनाथ जी ने क्या आदेश दिए, इस बारे में बोलना चाहता हूं। पता नहीं क्यों डरे हुए हैं? उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार डरी हुई है कि अगर जनरल नरवणे की किताब में लिखी बातें सामने आ गईं, तो नरेंद्र मोदी और राजनाथ सिंह की असलियत देश को पता चल जाएगी और यह भी पता चल जाएगा कि जब चीन हमारी तरफ आ रहा था- तो 56 इंच की छाती को क्या हुआ था?

### सत्तापक्ष और कांग्रेस सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक

राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण के मसौदे के कुछ अंश का हवाला देकर प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर निशाना साधने का प्रयास किया, जिस पर सत्तापक्ष और कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक व हंगामा देखने को मिला। इस दौरान सदन की कार्यवाही बाधित हुई। रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष की बातें पूरी तरह से काल्पनिक हैं और वह सदन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। सदन में गतिरोध बने रहने पर सभा की बैठक दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न चार बजकर 10 मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## पुणे पोर्शे एक्सीडेंट केस-सुप्रीम कोर्ट से 3 आरोपियों को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2024 के पुणे पोर्शे एक्सीडेंट मामले में तीन आरोपियों को जमानत दी। कोर्ट ने ब्लड सैंपल बदलने की साजिश में आरोपी आशीष मित्तल, आदित्य सूद और अमर गायकवाड़ को जमानत देते हुए कहा कि इसका मतलब आरोपों से बरी करना नहीं है। जमानत के बावजूद ट्रायल पूरी तरह मेरिट के आधार पर चलेगा। जस्टिस नागरत्ना ने कहा- दो बेगुनाह जानें चली गईं और फिर साजिशें हुईं। आपके पक्ष में सिर्फ यही है कि आप लंबे समय तक जेल में रहे। इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई थी और बाद में सबूतों से छेड़छाड़ की साजिश के आरोप सामने आए थे। इस दौरान कोर्ट ने माता-पिता की जिम्मेदारी को लेकर भी कड़ी टिप्पणी की। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि बच्चों को बिना नियंत्रण कार और पैसे देना गंभीर सामाजिक समस्या है। ऐसे मामलों में मात-पिता को भी दोषी ठहराया जाना चाहिए।

## अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया

**ट्रम्प बोले- रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत, वेनेजुएला से लेगा**

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से जिस ट्रेड डील का इंतजार था, सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उसकी घोषणा कर दी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है।

ट्रम्प ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इसके बाद रात करीब 10: 30 बजे ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर ट्रेड डील की घोषणा की। ट्रम्प ने दावा किया कि मोदी रूस से तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने पर राजी हो गए हैं।

ट्रम्प के मुताबिक, जरूरत पड़ी तो भारत वेनेजुएला से तेल लेगा। भारत 'बाय अमेरिकन' नीति के तहत अमेरिका से 46 लाख करोड़ रुपए



(500 अरब डॉलर) से अधिक का सामान खरीदेगा। वहीं, ट्रम्प के एलान के बाद पीएम ने एक्स पर लिखा- भारत के 1.4 अरब लोगों की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया। ट्रम्प ने अप्रैल 25 में भारत पर 25 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ और फिर रूस से तेल खरीदने के कारण अगस्त में 25 प्रतिशत पेनल्टी का ऐलान किया था। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि भारत पर सिर्फ टैरिफ 18 प्रतिशत ही लगेगा। अमेरिका रूसी तेल खरीदने के कारण लगा 25 प्रतिशत टैरिफ हटा देगा।

# बजट सत्र का पांचवा दिन



### आज संसद भवन परिसर में एनडीए की बैठक

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का मंगलवार को पांचवा दिन है। लोकसभा में आज भी विपक्ष के हंगामे के आसार हैं। सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाषण के दौरान भी जोरदार हंगामा हुआ था।

राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक का हवाला देते हुए कहा- 4 चीनी टैंक लद्दाख बॉर्डर के पास पहुंच गए थे। राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृह मंत्री शाह ने उन्हें टोका। इसके बाद स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें रोका। राहुल गांधी को राजनाथ ने 11 बार, शाह ने 7 बार टोका। इसके अलावा किरेन रिजिजू ने 2 बार और अनुराग ठाकुर ने 6 बार रोका।

सत्ताधारी गठबंधन के लोकसभा और राज्यसभा सांसद मंगलवार को संसद भवन परिसर में एनडीए की बैठक के लिए जुटेंगे। इस बैठक में बीजेपी समेत एनडीए के सभी सहयोगी दलों के सांसद शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सांसदों को संबोधित कर सकते हैं।

## सूरत में सैफ को लव-जिहादी बताकर काले झंडे दिखाए

**सूरत।** गुजरात के सूरत में हिंदू संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं ने लव जिहादी का नारा लगाते हुए सैफ अली खान को काले झंडे दिखाए। दरअसल सैफ यहां हो रही इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में अपनी टीम को चीयर्स करने पत्नी करीना और बेटों के साथ सूरत पहुंचे थे। रविवार की देर रात मैच खत्म होने के बाद वे परिवार के साथ स्टेडियम से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने लव जिहादी है के नारे लगाते हुए काले झंडे लहराए। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस बल ने सैफ अली खान के काफिले को सुरक्षित वहां से निकालकर होटल तक पहुंचा दिया था। अब इस घटना के वीडियो वायरल हो रहे हैं। सूरत में 9 जनवरी से इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग की शुरुआत हुई है। सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में लीग के 44 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंड 6 फरवरी, 2026 तक चलेगा। पूरी लीग सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले और सूरज सामत की कोर कमेटी के मार्गदर्शन में हो रही है।

# ममता काली शॉल ओढ़कर मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलीं

**बैठक से नाराज होकर निकलीं, बोलीं- ऐसा झूठा चुनाव आयुक्त कभी नहीं देखा**



▶ चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि ममता ने अपने मुद्दे सीईसी को बताए लेकिन उनका जवाब सुने बिना ही नाराज होकर चली गईं।

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के खिलाफ काली शॉल ओढ़कर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की।

उनके साथ एसआईआर प्रभावित 13 परिवार और टीएमसी के नेता भी थे।

चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि ममता ने अपने मुद्दे सीईसी को बताए लेकिन उनका जवाब सुने बिना ही नाराज होकर चली गईं। मुलाकात के बाद ममता ने कहा, मैं बहुत दुखी हूं।

मैं दिल्ली की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हूं। मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा।

वह इस तरह से बात करते हैं जैसे वह जमींदार हों और हम नौकर। उन्होंने हमारा अपमान किया, हमें शर्मिंदा किया। हमने कहा आपके पास भाजपा की ताकत है, हमारे पास जनता की ताकत है। हमने बैठक का बॉयकाट कर दिया। बाद में ममता ने पार्टी मुख्यालय में कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के दलाल की तरह काम कर रहा है।

इसके पहले सुबह ममता ने दिल्ली पहुंचते ही कहा कि वे एसआईआर के मुद्दे पर लड़ाई जारी रखेंगी। अगर इस देश में कोई नहीं लड़ेगा, तो मैं लड़ूंगी, हमारी पार्टी लड़ेगी।

### सीईसी बोले- कानून हाथ में लेने वालों पर कार्रवाई होगी

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनसे मिलने पहुंचे टी एमसी नेताओं से कहा कि जो भी कानून अपने हाथ में लेगा, उसके खिलाफ कानून और चुनाव आयोग को मिली शक्तियों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बंगाल में 58 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कटे

दरअसल, चुनाव आयोग ने 19 दिसंबर 2025 को पश्चिम बंगाल में हुए एसआईआर की नई वोटर लिस्ट जारी की। ड्राफ्ट रोल के बाद कुल मतदाता 7.08 करोड़ हैं। पहले 7.66 करोड़ थे। कुल 58 लाख 20 हजार से ज्यादा नाम काटे गए हैं।

**फिर बदला मौसम**

**हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, रोहतांग-भरमौर में 6 इंच फ्रैश स्नोफॉल**

# एमपी-यूपी और राजस्थान में घना कोहरा, गुलमर्ग में पारा माइनस 8

**शिमला/भोपाल/जयपुर/देहरादून/लखनऊ।** उत्तर भारत में मौसम फिर बदल गया है। मौसम विभाग के मुताबिक लगातार दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 3 फरवरी तक हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी।

उत्तर प्रदेश में सोमवार को गाजियाबाद, आगरा समेत 30 जिलों में कोहरा छाया रहा। कई जगह विजिबिलिटी शून्य तक सिमट गई। कोहरे के चलते कानपुर समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 40 से ज्यादा ट्रेनें लेट रहीं। वहीं बर्फीली हवाओं से गलन बढ़ गई है।



मध्य प्रदेश में सोमवार को अशोकनगर, आगर-मालवा, टीकमगढ़ में बारिश हुई। कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। हालांकि, ठंड का असर कम है और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर ही चल रहा है। वहीं राजस्थान के सीकर, चित्तौड़गढ़ समेत 8 जिलों में सोमवार को घना कोहरे रहा। इसके कारण कुछ जगहों पर 30 मीटर तक की विजिबिलिटी रही।

हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर सोमवार को ताजा बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश हुई। लाहौल स्पीति के रोहतांग व भरमौर में सबसे ज्यादा 6 इंच हिमपात हुआ। हमीरपुर के सुजानपुर में जंगलबैरी में सोमवार को करीब एक घंटे तक ओलावृष्टि हुई।

ताजा बर्फबारी से शिमला-ठियोग-रामपुर नेशनल हाईवे पर फिसलन बढ़ गई। वहीं जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में बर्फबारी जारी है, जिससे ठंड बढ़ गई है। सोमवार को गुलमर्ग में पारा माइनस 8, लद्दाख के द्रास में माइनस 15.1 और हिमाचल के काल्पा में माइनस 3.8 डिग्री रहा।

दिल्ली में सोमवार को चार साल में फरवरी का सबसे ठंडा दिन रहा। सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी बहुत कम हो गई। दिन का तापमान सामान्य से नीचे रहा। एयर क्वालिटी इंडेक्स 210 रहा।

### अगले 2 दिन के मौसम

**4 फरवरी :** हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब, ओडिशा, बिहार में कोहरे की संभावना है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी है।

**5 फरवरी :** हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना है। दिल्ली में सुबह कोहरा रहने की संभावना जताई गई है।

# लंदन में एअर इंडिया ड्रीमलाइनर के फ्यूल स्विच में खराबी

**पायलट बोला- 2 बार स्विच बंद हुआ; दावा- अहमदाबाद प्लेन क्रैश में भी यही हुआ**

**नई दिल्ली/लंदन।** लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाले एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइन को फ्लाइट ऑपरेशन से हटा दिया गया है।

एयरलाइन के मुताबिक, फ्लाइट एआई 132 को उड़ान भरनी थी, लेकिन पायलट ने बताया कि प्लेन का फ्यूल कंट्रोल स्विच इंजन स्टार्ट करने के दौरान 2 बार पोजिशन से कटऑफ हुआ। इसके बाद प्लेन को ऑपरेशन से हटा दिया गया।

प्लेन में आई खराबी की जांच में ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर को




शामिल किया गया है। मामले की जानकारी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को भी दी गई है। एयरलाइन ने बताया कि डीजीसीए के निर्देश के बाद उसने अपने पूरे बोईंग 787 फ्लीट के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच की थी, जिसमें कोई समस्या सामने नहीं आई थी।

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पिछले साल 12 जून को अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश भी फ्यूल कंट्रोल स्विच इंजन स्टार्ट करने में दिक्कत की वजह से हुआ था।

# संपादकीय

# संसद में विपक्ष की आवाज़ पर पहरा?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारतीय लोकतंत्र की आत्मा संसद है—एक ऐसा मंच, जहाँ सत्ता और विपक्ष के बीच तर्क, प्रतितर्क और बहस के ज़रिये जनहित के सवाल तय होते हैं। संसद केवल कानून बनाने की फैक्ट्री नहीं, बल्कि जनता की आवाज़ का सबसे बड़ा प्रतिनिधि मंच है। लेकिन हालिया घटनाक्रम यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या लोकसभा अब विचार–विमर्श का मंच कम और सत्ता का एकतरफा अखाड़ा ज़्यादा बनती जा रही है?

## घटना क्या बताती है?

2 फरवरी 2026 को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बार–बार बोलने से रोका गया। वे चीन सीमा विवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अत्यंत संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की अप्रकाशित संस्मरण–पुस्तक (मेमोयर) पर आधारित एक मैगज़ीन लेख का हवाला देना शुरू किया, ताकि सरकार पर लगाए जा रहे राष्ट्रवाद के आरोपों का जवाब दिया जा सके।

लेकिन जैसे ही राहुल गांधी ने पुस्तक के अंश पढ़ने शुरू किए, सत्ता पक्ष की ओर से तीखी आपत्तियाँ उठने लगीं। राजनाथ सिंह और अमित शाह ने कहा कि अप्रकाशित किताब या मैगज़ीन लेख का उल्लेख संसदीय नियमों के विरुद्ध है। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी राहुल गांधी को चेताया कि सदन में केवल प्रमाणित और स्वीकृत दस्तावेज़ों का ही हवाला दिया जा सकता है।

## बहस या टकराव?

राहुल गांधी पीछे हटने को तैयार नहीं थे। उनका सवाल सीधा और तीखा था—'सरकार किस बात से डर रही है? अगर डर नहीं है, तो मुझे बोलने दीजिए।' यहाँ तक कि उन्होंने व्यंग्य में कहा—'आप ही बता दीजिए कि मुझे क्या बोलना है।'

## जवाब में स्पीकर का कथन और सख्त था—

'मैं आपका सलाहकार नहीं हूँ। सदन नियमों और परंपराओं से चलता है।' करीब 44–45 मिनट तक सदन में हंगामा चलता रहा। नारे लगे, आरोप–प्रत्यारोप हुए और अंततः कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। यह दृश्य केवल एक नेता को रोके जाने का नहीं था, बल्कि संसद की गरिमा और लोकतांत्रिक परंपराओं पर उठते सवालों का प्रतीक बन गया।

## निष्पक्षता पर सवाल

विपक्ष का आरोप है कि स्पीकर की कुर्सी अब निष्पक्ष नहीं रह गई है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का कहना है कि सत्ता पक्ष के नेता अकसर बिना किसी दस्तावेज़ या ठोस प्रमाण के बयान देते हैं, लेकिन उन्हें रोका नहीं जाता। वहीं विपक्ष जब सवाल उठाता है, तो नियमों की दुहाई दी जाती है।

## राहुल गांधी ने मीडिया से कहा—

'मुझे सिर्फ दो–तीन लाइनें बोलनी थीं, लेकिन वे डर रहे हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है, फिर भी मुझे रोका जा रहा है।'
विपक्ष ने इस पूरे घटनाक्रम को लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया और कहा कि स्पीकर की कुर्सी पर सत्ता पक्ष का दबाव साफ दिखाई देता है।

## भाजपा का तर्क

सत्ता पक्ष का पक्ष इससे बिल्कुल उलट है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने स्पीकर के निर्णय के बावजूद बार–बार वही बात दोहराई, जो नियमों का उल्लंघन है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना था कि अप्रकाशित सामग्री का उल्लेख सेना के मनोबल को प्रभावित कर सकता है। भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी के रवैये को 'बचकाना' और 'सदन का समय बर्बाद करने वाला' बताया।

## मूल सवाल : संसद किसकी है?

लेकिन इस पूरे विवाद का असली सवाल किसी किताब या नियम से कहीं बड़ा है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल विरोध तक सीमित नहीं होती; उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी सत्ता से सवाल पूछना, जवाब माँगना और जनता की चिंताओं को सामने रखना है।
राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा से बचना या उसे दबाना लोकतंत्र की मजबूती नहीं, उसकी कमजोरी को उजागर करता है।
यदि विपक्ष के नेता को बार–बार बोलने से रोका जाएगा, तो संसद बहस का मंच नहीं रह जाएगी, बल्कि केवल सत्ता की मुहर लगाने वाला संस्थान बनकर रह जाएगी।

## स्पीकर की कुर्सी और संविधान

लोकसभा स्पीकर का पद किसी दल का नहीं, बल्कि संविधान का प्रतिनिधि होता है। वह सत्ता और विपक्ष—दोनों के बीच संतुलन का प्रतीक होता है। निष्पक्षता ही उस कुर्सी की असली गरिमा है।
अगर यह धारणा बनती है कि स्पीकर सत्ता पक्ष के पक्ष में झुके हुए हैं, तो यह न सिर्फ विपक्ष, बल्कि पूरे लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है।

## निष्कर्ष

समय की मांग है कि संसद में बोलने का अधिकार सत्ता और विपक्ष—दोनों के लिए समान रूप से सुरक्षित रहे। लोकतंत्र सवाल पूछने से मजबूत होता है, चुप कराने से नहीं।
अगर संसद में सवाल दबते रहेंगे, तो जनता का भरोसा केवल सरकार से नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं से भी उठने लगेगा।
लोकतंत्र तभी जीवित रहेगा, जब बहस जीवित रहेगी।
वरना यह चुप्पी सिर्फ संसद की नहीं, पूरे लोकतंत्र की हार बन जाएगी।




# नारी देह, नारी अधिकारः माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि

–ललित गर्ग–





भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से–महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ–सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता।

विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन–चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि 卐माहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है卐 इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है।


न्यायालय ने शिक्षा को एक 'मल्टीप्लायर राइट' बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो–बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी–6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में 卐मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नर卐 स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर–अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके।

माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष–चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति–निर्माता, इस विषय को केवल महिलाओं का मामला मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर–सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय यदि ईमानदारी से लागू होता है, तो यह नीति और जमीन के बीच की खाई को पाटने में सहायक हो सकता है। यह भी विचारणीय है कि माहवारी स्वच्छता को केवल कल्याणकारी योजना न मानकर महिला अधिकारों के व्यापक ढाँचे में देखा जाए। स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और समानता का अधिकार–तीनों इस विषय से सीधे जुड़े हैं। एक ऐसी व्यवस्था जहाँ लड़की केवल इसलिए स्कूल न जा सके क्योंकि उसके पास सेनेटरी पैड नहीं हैं, वह व्यवस्था संविधान की आत्मा के विपरीत है। इसलिए यह फैसला सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी मजबूती देता है।

आज भारत नए प्रवेश के साथ आगे बढ़ने की बात करता है–डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखता है। किंतु यदि इस विकास की गाथा में महिलाओं की बुनियादी आवश्यकताएँ और सम्मान शामिल नहीं हैं, तो यह प्रगति खोखली सिद्ध होगी। वास्तविक विकास वही है जो सबसे कमजोर वर्ग की पीड़ा को समझे और उसे दूर करने का साहस रखे। माहवारी जैसे विषय पर खुली चर्चा उसी साहस का प्रतीक है। समाज में जन–जागृति लाना इस पूरी प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। कानून और आदेश दिशा दिखा सकते हैं, परंतु मानसिकता बदलना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मीडिया, शिक्षा संस्थान, धार्मिक और सामाजिक संगठन सभी को मिलकर माहवारी को लेकर फैली भ्रांतियों को तोड़ना होगा। इसे शर्म का नहीं, स्वास्थ्य और स्वाभिमान का विषय बनाना होगा। अंततः, सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एक शुरुआत है, मंज़िल नहीं। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम इसे कितनी ईमानदारी से लागू करते हैं और कितनी संवेदनशीलता से अपनाते हैं। यदि हम सचमुच एक समावेशी, न्यायपूर्ण और मानवीय भारत का निर्माण चाहते हैं, सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ नया भारत बनाना चाहते हैं तो महिलाओं के स्वास्थ्य और अधिकारों को विकास के केंद्र में रखना ही होगा। माहवारी से मुक्ति का अर्थ केवल शारीरिक सुविधा नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और संवैधानिक स्वतंत्रता है। यही स्वतंत्रता किसी भी सभ्य और प्रगतिशील समाज की पहचान होती है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3789




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




### काकुरो - 3788 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज ने अभियुक्त से कहा-'तुम पर मोटर तेज चलाने का इल्जाम है. क्या तुम अपना इल्जाम स्वीकार करते हो?'
'जी हां, मीलार्ड, मगर?'
'मैंने कोई अपराध नहीं किया.' अभियुक्त सफाई देते हुए बोला-'मेरी मोटर के ब्रेक खराब थे, इसलिये मैंने सोचा कि जल्दी से घर पहुँच जाऊं. कहीं ऐसा न हो कि कोई एक्सीडेंट हो जाए!'

□ □ □

एक सेठ बीमार पड़ गया.
डाक्टरों ने उसे राय दी कि वह विदेश जाकर दवा कराये तो उसने अपने मुंशी से पूछा-'मुंशी जी! विदेश जाकर दवा कराने में कितना खर्च होगा?'
'लगभग बीस हजार!'
'और क्रिया-कर्म में?'
'लगभग पांच हजार!'
'तो फिर इलाज से मरना ही ज्यादा फायदेमंद रहेगा.' सेठ ने ठण्डी सांस लेते हुए कहा.

□ □ □

रमेश ने महेश से पूछा-'जब सेब पेड़ से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ.'
महेश-'पागल था वह?'
रमेश-'वह कैसे?'
महेश-'आश्चर्य की बात तो तब होती जब सेब नीचे से ऊपर जाता.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3789



### बायें से दायें:-

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमीं से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

### ऊपर से नीचे:-

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3788



## सूडोकु -3789


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3788 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3789




### बाएँ से दाएँ

1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

### ऊपर से नीचे

1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिना बाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की,पुत्री,बेटी-2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम-3
13. गंगा का पानी-4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन-4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

### शब्द पहेली -3788 का हल



# ग्रेनो ने अजनारा होम्स पर 54 लाख की पेनल्टी ठोकी

## एसटीपी बंद, बिना शोधित सीवरेज और भूजल दोहन पर कार्रवाई




**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-16बी स्थित अजनारा होम्स (एपीवाई रियल्टी) पर 54.32 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई एसटीपी न चलाने, बिना शोधित किए सीवरेज डिस्चार्ज करने, भूजल दोहन करने और कचरा प्रबंधन में लापरवाही बरतने पर की गई है। प्राधिकरण ने बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस को पत्र भी लिखा है।

यह कार्रवाई ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। इस अभियान के तहत सीवर विभाग की टीम ने 202 बिल्डर सोसाइटियों को नोटिस जारी किए थे।

इन नोटिसों में सोसाइटियों से एसटीपी की क्षमता, सुचारु संचालन और शोधित सीवेज पानी के उपयोग से संबंधित जानकारी मांगी गई थी।

अजनारा होम्स पर यह कार्रवाई भी इसी अभियान के तहत की गई। सीवर विभाग ने बिल्डर को पत्र भेजकर एसटीपी की स्थापित क्षमता, संचालन की स्थिति, सोसाइटी की कुल आबादी और शोधित सीवेज के पुन: उपयोग की जानकारी मांगी थी, लेकिन बिल्डर की ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

निवासियों की शिकायत के बाद, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीवर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव के नेतृत्व में टीम ने हाल ही में सोसाइटी का निरीक्षण किया। इस दौरान एसटीपी पूरी तरह बंद पाया गया।

निवासियों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से एसटीपी बंद है। सोसाइटी में लगभग 2300 फ्लैट हैं, जिससे रोजाना औसतन लगभग 1.15 एमएलडी सीवेज निकलता है। इस अशोधित सीवेज को नाली में गिराया जा रहा था। नाली की लाइन चोक होने पर सीवेज बेसमेंट में भी गिराया जाने लगा, जिससे निवासियों के लिए गंभीर संकट खड़ा हो गया। यह एनजीटी के आदेशों और सीपीसीबी व यूपीपीसीबी के नियमों के भी खिलाफ है।

इसके अलावा, पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए भूजल दोहन करना भी नियमों के विरुद्ध है। इसके चलते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीवर विभाग ने अजनारा होम्स (एपीवाई रियल्टी) पर 50 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई, जिसे 7 कार्यदिवस में प्राधिकरण के खाते में जमा कराने को कहा गया।

वहीं प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने सोसाइटी से निकलने वाले कचरे का उचित प्रबंधन न करने पर 4.32 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई। इस तरह बिल्डर पर कुल 54.32 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। प्राधिकरण ने दोबारा गलती करने पर लीज की शर्तों के तहत भी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने सभी बिल्डर सोसाइटियों से अपील की है कि वे अपने सीवर को एसटीपी से शोधित करें और शोधित पानी का इस्तेमाल सिंचाई कार्यों में करें।

# ग्रेटर नोएडा में थार ने खड़ी कार को मारी टक्कर

## घटना सीसीटीवी में कैद, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी




**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एक थार चालक ने घर के बाहर खड़ी कार को टक्कर मार दी। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस अब थार चालक की तलाश कर रही है।

घटना सोमवार दोपहर को बीटा टू थाना क्षेत्र के अल्फा 1 सेक्टर में हुई। एक काले रंग की थार गाड़ी ने घर के बाहर खड़ी हुंडई आई10 कार को टक्कर मारी।

टक्कर के समय कार के पास एक बुलेट भी खड़ी थी। टक्कर से कार और स्कूटी दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। थार चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। सामने के एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई।

फुटेज में साफ दिख रहा है कि थार चालक कितनी तेज़ी से कार को टक्कर मारता है और फिर घटनास्थल से भाग निकलता है।

सीसीटीवी फुटेज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बीटा 2 पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और थार चालक की तलाश जारी है।

### नोएडा के आरजी रेजिडेंसी सोसाइटी के टावर में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-120 एलजी रेजिडेंसी सोसाइटी के टावर-जी की लॉबी में LV (low voltage) सॉफ्ट में लगी थी, जिसे बिल्डिंग के फायर फाइटिंग सिस्टम/फायर extinguisher द्वारा बुझा दिया गया है। कोई भी व्यक्ति फंसा नही है। कोई भी जनहानि नही हुई है। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी है। मौके पर दमकल की एक गाड़ी को भेजा गया। आग को बुझाने के लिए इमारत में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम की मदद ली गई। जिसके बाद करीब 20 मिनट में आग को बुझा दिया गया। इस दौरान इमारत से लोगों को बाहर ने को बोला गया है। बिजली सप्लाई काट दी गई है। ताकि आराम से लोग बाहर आ सके। आग बुझा दी गई। स्थानीय पुलिस बल भी मौके पर मौजूद है। अब की वजह शॉट सर्किट रही।

# जेवर एयरपोर्ट के पास चला बुलडोजर

## यमुना प्राधिकरण ने 400 करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

**गौतम बुद्ध नगर।** जेवर एयरपोर्ट के पास सोमवार को यमुना प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ अभियान चलाकर करीब 300 करोड़ रुपये की जमीन को कब्जामुक्त कराया। इस दौरान लगभग 1 लाख वर्ग मीटर भूमि से अवैध कब्जे हटाए गए। यह कार्रवाई यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश सिंह के निर्देश पर की गई। प्राधिकरण का दस्ता साबोता और दयानातपुर गांवों में पहुंचा और आधा दर्जन बुलडोजरों के साथ अवैध निर्माणों को ध्वस्त करना शुरू किया। कॉलोनाइजरों द्वारा जेवर एयरपोर्ट के पास अवैध रूप से कॉलोनियां काटी जा रही थीं। इन अवैध कॉलोनियों में 'एरो ग्रीन बिल्डर' जैसे डेवलपर्स लोगों को एयरपोर्ट के पास घर दिलाने का सपना दिखा रहे थे। गौरतलब है कि जेवर एयरपोर्ट के आसपास अवैध निर्माण पर पूरी तरह से रोक है, लेकिन इसके बावजूद कॉलोनाइजर अवैध कॉलोनियां काटने और निर्माण करने की कोशिश कर रहे थे। ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजरों को स्पष्ट चेतावनी दी गई। प्राधिकरण ने कहा कि यदि भविष्य में अवैध कॉलोनी काटने का प्रयास किया गया, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में कोहरे के कारण कार नाले में गिरी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के कासना में एक बड़ा हादसा टल गया। शनिवार रात घने कोहरे के कारण रास्ता न दिखने से एक कार नाले में जा गिरी। गनीमत रही कि नाले में पानी कम था, जिससे कार में सवार दोनों लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। यह घटना युवराज मेहता जैसी दुर्घटना होने से बच गई। जानकारी के अनुसार, इटावा निवासी सुनील कुमार अपने चालक रिजवान के साथ शनिवार देर रात करीब 3 बजे लूक्सर से परी चौक की ओर जा रहे थे। उनकी कार ओला टैक्सी कंपनी से जुड़ी है। इकोटेक 6 स्थित ओप्पो कंपनी की तरफ से भाटी गोल चक्कर की ओर जाते समय घना कोहरा था। कम विजिबिलिटी के कारण चालक 90 डिग्री का मोड़ नहीं देख पाया और कार सीधे नाले में जा गिरी। कार नाले में गिरने के बाद सीधी खड़ी हो गई। नाले में पानी का स्तर कम होने, बहाव धीमा होने और गहराई कम होने के कारण कार सवार दोनों व्यक्ति तुरंत सुरक्षित बाहर निकल आए। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार को नाले से बाहर निकलवाया। रविवार को जब प्रशासन को इस घटना की जानकारी मिली, तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम भी मौके पर पहुंची।

### एडवोकेट को प्लॉट पर मकान बनाने से रोका

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जगनपुर गांव में अपने प्लॉट पर मकान बनाने पहुंचे एक एडवोकेट को कथित तौर पर कुछ ग्रामीणों ने धमकाकर भगा दिया। पीड़ित एडवोकेट का आरोप है कि कुछ लोग उनके भूखंड पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। घंघोला गांव निवासी विजय भाटी, जो जिला न्यायालय में एडवोकेट हैं, ने बताया कि उनकी मां उषा देवी और बुआ ने करीब 12 साल पहले जगनपुर गांव में 700 वर्ग गज का प्लॉट खरीदा था। प्लॉट की विधिवत चारदीवारी भी कराई गई थी और परिवार समय-समय पर मौके पर जाकर स्थिति देखता रहा है। एडवोकेट भाटी के अनुसार, सोमवार को जब वह अपने भूखंड पर मकान निर्माण शुरू कराने के लिए पहुंचे, तभी कुछ लोग वहां आ गए। आरोप है कि उन लोगों ने प्लॉट को अपना बताते हुए उनसे धक्का-मुक्की की और निर्माण कार्य रोकने का प्रयास किया। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद पीड़ित एडवोकेट अपने परिजनों के साथ दनकौर कोतवाली पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दी।

### हिमांशु भाटी ने जीता रजत पदक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के कराटे खिलाड़ी हिमांशु भाटी ने राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीता है। उन्होंने पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स कराटे चैंपियनशिप 2025-26 में यह उपलब्धि हासिल की। हिमांशु सिरसा गांव के निवासी हैं और वॉरियर्स फिटनेस एंड फाइटर क्लब दनकौर से प्रशिक्षण ले रहे हैं। अकादमी के कोच कपिल नागर ने बताया कि यह प्रतियोगिता 26 जनवरी से 1 फरवरी तक पुणे में आयोजित की गई थी। इसमें देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। हिमांशु भाटी ने अंडर-19 आयु वर्ग की माइनस 70 किलोग्राम श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। हिमांशु की इस जीत से उनके गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता से लौटने पर रविवार को अकादमी में हिमांशु भाटी और उनके कोच कपिल नागर का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रकाश प्रधान, कर्मवीर नेता, अनिल भाटी, तिलक राम, अमर चौहान, महकेश भाटी, प्रमोद भाटी, अर्मेंद्र वर्मा, प्राची भाटी और सुदेश भाटी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### डायट में सामाजिक विज्ञान प्रशिक्षण संपन्न

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में सामाजिक विज्ञान की सैंपल शिक्षण योजना पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हो गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में कुमकुम मौर्य, सुनील कुमार और कपिल देव सिंह ने प्रतिभागी शिक्षकों को इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान एवं अर्थशास्त्र विषयों की चरणबद्ध शिक्षण योजनाएं तैयार करने तथा प्रभावी प्रस्तुति के तरीकों का प्रशिक्षण दिया। नई शिक्षण विधियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के अनुरूप शिक्षण को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। समापन अवसर पर उप प्राचार्य अर्चना गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य अवधारणात्मक स्पष्टता के साथ शिक्षण योजना तैयार करना है, जिससे विद्यार्थी निर्धारित लर्निंग आउटकम प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण नोडल राजेश खन्ना ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस दौरान कई संकाय सदस्यों का सहयोग रहा।

### घरेलू विवाद के बाद दो पक्षों के बीच मारपीट

**नोएडा।** घरेलू विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस की तरफ से दोनों पक्ष के लोगों पर मामूली धाराओं में कार्रवाई की गई है। एक पक्ष के युवक ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता सोमवार को थाने पहुंचे और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग पुलिस अधिकारियों से की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोग थाने से वापस लौट आए। एसीपी तृतीय को दी शिकायत में बरौला निवासी शशांक चौहान ने बताया कि रविवार को उसके घर पर पारिवारिक विवाद हो गया था।इस मामले को लेकर पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्ष को बुलाया। बयान दर्ज कराने के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया। शशांक का आरोप है कि समझौते के बाद भी पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की। मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता सोमवार को सेक्टर-49 थाने पहुंचे और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

### दो घंटे देरी से पहुंच रही रोडवेज बसें

**नोएडा।** कोहरे ने एक बार फिर से रोडवेज बसों की रफ्तार रोक दी है। ऐसे में बसें गंतव्य तक डेढ़ से दो घंटे देरी से पहुंच रही हैं। इनमें आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, बरेली समेत अन्य रूट की बसें शामिल हैं। नोएडा डिपो में 181 बसें हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं। डिपो से कई शहरों के लिए बसें चलती हैं। इनमें आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, बरेली समेत अन्य शहरों की बसें शामिल हैं। डिपो से मिली जानकारी के मुताबिक दो दिन घने कोहरे के कारण बसों को गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। रूट से डिपो लौटने वाली बसें भी विलंब से पहुंच रही हैं।आनंद विहार से बरेली जाकर नोएडा लौटने वाली बस रात नौ बजे की बजाए रात और 11 बजे डिपो में पहुंची। ऐसे ही अन्य रूट की बसें भी प्रभावित रही। नोएडा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोहताष कुमार ने कहा कि कोहरे में दृष्यता बेहद कम होती है। रास्ते में कई स्थानों पर चालकों को बस रोककर बसों का शीशा साफ करना पड़ता है, ताकि उन्हें रास्ता दिखाई दे। यात्रियों की सुरक्षा के कारण भी बसों की गति धीमी रखने का निर्देश है।

### यमुना सिटी में अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चला

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण (यीडा) ने दयानतपुर और साबौता गांव के अधिग्रहित क्षेत्र में काटी जा रही अवैध कॉलोनी को सोमवार को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। यीडा ने कार्रवाई कर करीब 350 करोड़ की 10 हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त कराई। यीडा सीईओ आरके सिंह ने बताया कि लंबे समय से दयनातपुर और साबौता गांव में अवैध कॉलोनी काटी जा रही थीं। इस पर कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने के साथ ही कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए गए, लेकिन उन्होंने निर्माण बंद नहीं किया। सोमवार को एसीईओ राजेश कुमार सिंह, ओएसडी शैलेंद सिंह के नेतृत्व में टीम दोनों गांवों के तीन स्थानों पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की।बताया कि एयरो ग्रीन फार्म समेत दो अन्य कंपनियों ने नोएडा एयरपोर्ट के पास अपना मकान का झांसा देकर निवेशकों को भूखंड बेचे थे। बताया कि यह अधिग्रहित भूमि है और इस पर कालोनियों का निर्माण कराना अवैध है। इन कंपनियों ने करीब-करीब साढ़े तीन-साढ़े तीन हेक्टेयर में कालोनियां काट रखी थीं।

# युवराज मौत मामले में आरोपी बिल्डर की जमानत याचिका खारिज

## अगली सुनवाई 13 फरवरी को होगी ,16 जनवरी को हुआ था हादसा

**नोएडा।** इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में गिरफ्तार एमजेड विजटाउन बिल्डर कंपनी के डायरेक्टर अभय कुमार की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है।

बिल्डर की तरफ से दी गई जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया है। वहीं मामले में अगली सुनवाई अब 13 फरवरी को होगी।

इससे पहले 29 जनवरी को हुई सुनवाई में लोटस ग्रीन के बिल्डर रवि बंसल और सचिन करनवाल को जमानत मिल चुकी है। दोनों ने कोर्ट में कहा कि मैंने कोई अपराध नहीं किया है। मुझे झूठा फंसाया गया है।

बता दे एमजेड बिजटाउन बिल्डर के नाम पर ही एससी-02,3 सेक्टर-150 का प्लाट है। जिसमें युवराज की कार निर्माणाधीन प्लाट में गिर गई थी। वहां उसकी डूबने से मौत हो गई थी। हालांकि ये प्लाट कंसोर्टियम का हिस्सा है।

ऐसे में पुलिस ने दूसरी एफआईआर करके पांच लोगों को नामजद किया। जिसमें से तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। दो को जमानत मिल गई और एक पर आज सुनवाई होगी। वहीं लोटस ग्रीन का निर्मल सिंह अब भी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

# नोएडा में जहां डूबी युवराज की कार : वहां लगे क्रैश बैरियर

### 65 और स्थानों पर होगा रोड सेफ्टी वर्क

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने 65 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए थे। इसमें 50 ब्लैक पॉट पर डेवलपर को करना है और बाकी 15 ब्लैक स्पॉट पर नोएडा प्राधिकरण कर रहा है। इसी तरह जिला प्रशासन की बैठक में जनपद में 152 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए थे। प्राधिकरण 65 ब्लैक स्पॉट को 152 से क्रॉस चेक कराएगा।

इसमें नोएडा के जितने भी ब्लैक स्पॉट अलग से होंगे उनको प्राधिकरण ठीक कराएगा। इसके साथ ही युवराज की जहां कार डूबी थी उस सड़क पर क्रैश बैरियर लगा दिए गए है।



सीईओ कृष्णा करुणेश ने कहा कि जो भी ब्लैक स्पॉट बिल्डर को ठीक कराने है उनको दो से तीन दिन का समय दिया गया है। यदि वो नहीं करते तो प्राधिकरण उनको ठीक कराएगा और डेवलपर को रिकवरी नोटिस जारी करेगा।

युवराज की दर्दनाक मौत के बाद नोएडा प्राधिकरण अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। शहर में रोड सेफ्टी की पोल खोलने वाली इस घटना के बाद प्राधिकरण ने ऐसे प्लाट जो सड़क किनारे है।

जिनमें वॉटर लॉगिंग या बेसमेंट खुदे है। सेफ्टी फीचर नहीं है। ऐसे 65 स्थान चिन्हित किए। जहां बुनियादी रोड सेफ्टी फीचर मौजूद नहीं हैं। इन पॉइंट्स को गंभीर मानते हुए प्राधिकरण ने तय समय में सुधार कराने का फैसला लिया था।

### सेक्टर-150 में लगे क्रेश बैरियर

नोएडा में जिस स्थान पर युवराज की कार बेसमेंट में गिरी थी। उस घटना स्थल और आसपास की पूरे एरिया में प्राधिकरण ने सड़क किनारे क्रेश बैरियर लगा दिए है।

जिससे दुर्घटना को रोका जा सके। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी क्रैश बैरियर लगाने का काम किया जा रहा है।

# नोएडा में बर्ड फेस्टिवल-2026 का आयोजन

## राज्यमंत्री केपी मलिक ने संरक्षण और जागरूकता का दिया संदेश



**नोएडा।** राज्य मंत्री, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश केपी मलिक की अध्यक्षता में विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण एवं इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूरजपुर वेटलैंड, ग्रेटर नोएडा में बर्ड फेस्टिवल 2026 का आयोजन किया गया।

केपी मलिक ने कहा कि हर साल 02 फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस मनाने का उद्देश्य आमजन को आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे क्षेत्र में ऐसी समृद्ध प्राकृतिक धरोहर मौजूद है, जहां हजारों किलोमीटर दूर से आने वाले प्रवासी पक्षी अनुकूल वातावरण का लाभ उठाने आते हैं।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भौतिक और तकनीकी विकास की दौड़ में प्रकृति को काफी क्षति पहुंची है और अनेक पक्षी प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने सभी से प्रकृति और पक्षियों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

राज्य मंत्री ने सूरजपुर वेटलैंड का दौरा किया, इसके बाद प्रभागीय वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल ने बर्ड वॉचिंग टूर, गाइडेड नेचर वॉक एवं नेचर ट्रेल्स, प्रवासी एवं स्वदेशी पक्षियों, वनस्पतियों, कीटों एवं अन्य जीव-जंतुओं के जीवन और पारिस्थितिक महत्व की जानकारी दी।

राज्य मंत्री ने बर्ड फेस्टिवल 2026 के आयोजन अवसर पर लगाई गई फोटो गैलरी का रिबन काटकर शुभारंभ किया । पर्यावरण, जैव विविधता एवं पक्षी संरक्षण से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रकृति, पर्यावरण और पक्षी संरक्षण का सुंदर संदेश निहित था।

### तेज रफ्तार पिकअप ने एंबुलेंस को टक्कर मारी

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार रात एक तेज रफ्तार पिकअप ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। इस हादसे में एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई और पिकअप सड़क पर पलट गई। हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर 147 के पास हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस को नुकसान पहुंचा और पिकअप गाड़ी सड़क पर पलट गई, जिससे यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया। एंबुलेंस में सवार मरीजों को तत्काल दूसरी एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने बताया कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

# नोएडा में 100 बाइक चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

- 12 बाइक बरामद, इन्ही बाइक से करते थे स्नेचिंग, ऑन डिमांड की जाती थी चोरी

नोएडा। नोएडा पुलिस ने 100 से ज्यादा बाइक चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 12 बाइक बरामद की गई। चोरी की बाइक से ये मोबाइल और चेन स्नेचिंग का काम करते थे।

इनके नाम 30 साल का राहुल उर्फ राबर्ट इस पर 24 मुकदमा और 21 साल का नावेद है इस पर करीब आठ मुकदमा दर्ज है।

ये दोनों बाइक चोरी कर अपने अन्य साथियों को देते वहां से आगे बेच देते है।

इन दोनों को एफ-133 के सामने सेक्टर-8 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी ने बताया दोनों बदमाश पहले रेकी करते है इसके बाद चोरी की घटना करते है। मास्टर चाबी से बाइक खोलते है। इसके बाद सुनसान इलाकों में बाइक खड़ी करते है।

ये चोरी की बाइक आगे अपने साथी को देते है वहां से ऑनडिमांड बाइक बेच दी जाती है।

इन चोरी की बाइक को बदल-बदल कर ये दोनों चेन स्नेचिंग का काम भी करते है इनके पास से बरामद 2 हजार रुपए चेन बेचकर ही लाए गए थे।

पैसों का प्रयोग मौज मस्ती के लिए करते है। ये लोग दिल्ली , नोएडा , गाजियाबाद और एनसीआर के अन्य शहरों में बाइक चोरी करते है।

# 50 लाख की शादी के बाद फ्लैट मांगने पर गर्भवती की दहेज हत्या

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में दहेज हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि 50 लाख रुपये खर्च कर शादी करने के बावजूद ससुराल वाले उनकी बेटी से फ्लैट और मकान बनाने के लिए पैसे मांग रहे थे। मांग पूरी न होने पर उन्होंने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। मृतका गर्भवती भी थी।

नोएडा के गिजोड़ निवासी दीपचंद ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी शिवानी की शादी 6 मार्च 2025 को दादरी थाना क्षेत्र के एनटीपीसी निवासी लोकेश से की थी। शादी में उन्होंने नेक्सन कार, टीवीएस स्कूटी, 5 लाख रुपये नकद, 25 तोले सोना, डेढ़ किलो चांदी और अन्य आभूषण दिए थे। कुल मिलाकर शादी में करीब 50 लाख रुपये खर्च हुए थे। दीपचंद के अनुसार, शादी के तुरंत बाद से ही ससुराल वाले शिवानी से फ्लैट की मांग करने लगे थे।

31 जनवरी 2026 को शिवानी ने अपनी मां को फोन कर बताया कि उसके पति लोकेश, ससुर गोपाल, सास सावित्री, जेठ उमेश और जेठानी पिंकी उससे दहेज में फ्लैट और मकान बनाने के लिए रुपये मांगकर परेशान कर रहे हैं।

# नोएडा में इंटीयरियर के नाम पर करोड़ों की ठगी

## बी टेक पास गुड्डू आलम गिरफ्तार, 60 प्रतिशत एडवांस लेकर तोड़फोड़ कराई, फिर गायब

नोएडा। घरों में इंटीरियर वर्क कराने के नाम करोड़ों का गबन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसका नाम गुड्डू आलम निवासी बिसरख नोएडा उम्र करीब 35 साल है। बीटेक किए हुआ है। वहीं चार आरोपी फरार है। इनकी तलाश की जा रही है। इन पांचों ने एक कंपनी HOME MASER PRIVATE LIMITED सेक्टर-63 के जी-172में खोली थी।

पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद निवासी राजेश खंडेलवा के अलावा 20 से ज्यादा पीड़ितों ने शिकायत की थी। कंपनी द्वारा उनक साथ धोखाधड़ी करके घरों में इंटीरियर कार्य करने के झूठे वादेर करीब दो रोड़ लिए। लेकिन इंटीरियर काम नहीं किया गया। रुपये वापस मांगने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई।



इसके अलावा अभय नारायण ठाकुर निवासी IRIS PEARLS SPORTES CITY GREATER NOIDA के फ्लैट का INTERIOR DESIGN करने के लिये करीब 10 लाख रुपये लिए और काम नहीं किया। पैसे वापस मांगने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गुड्डू आलम ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वो साल 2021 से HOME MASTER PRIVATE LIMITED कंपनी जी-72 सेक्टर-63 नोएडा का डायरेक्टर है। वह घरों व फ्लैटो में INTERIOR DESIGN का काम करता है। आर्डर आने पर घर व फ्लैट में INTERIOR DESIGN के काम की लागत का घर व फ्लैट मालिक के साथ एग्रीमेन्ट करता है।

# बोर्ड परीक्षा व्यवस्था में अनुशासन की पहल

## मेडिकल अवकाश पर सख्ती से सुधरेगी ड्यूटी संस्कृति, परीक्षा संचालन होगा मजबूत

**पीलीभीत।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा लिया गया नया निर्णय न केवल समय की मांग है, बल्कि वर्षों से चली आ रही एक गंभीर प्रशासनिक समस्या का समाधान भी है। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान ड्यूटी से बचने के लिए प्रधानाचार्य, शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा मेडिकल अवकाश का दुरुपयोग किया जाना किसी से छिपा नहीं रहा है। इसी प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से अब विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षा अवधि से पहले कोई भी कार्मिक सीधे मेडिकल अवकाश नहीं ले सकेगा, बल्कि सभी आवेदनों की जांच मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) द्वारा की जाएगी।

### परीक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती

बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सबसे बड़ी चुनौती पर्याप्त संख्या में योग्य और जिम्मेदार कक्ष निरीक्षकों की उपलब्धता रही है। बीमारी का हवाला देकर बड़ी संख्या में शिक्षकों के अवकाश पर चले जाने से केंद्र व्यवस्थापकों को अंतिम समय में वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती थी, जिससे परीक्षा संचालन प्रभावित होता था। कई बार इसका सीधा असर परीक्षार्थियों और परीक्षा की निष्पक्षता पर भी पड़ता रहा है।

### आंकड़े बताते हैं परीक्षा की गंभीरता

इस वर्ष 18 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं में पीलीभीत जिले से कुल 41,821 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इनमें हाईस्कूल के 23,241 और इंटरमीडिएट के 18,580 विद्यार्थी शामिल हैं।

इनके लिए जिले में 69 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इतने बड़े पैमाने पर होने वाली परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना तभी संभव है, जब केंद्रों पर पर्याप्त और जिम्मेदार स्टाफ मौजूद हो।

### जांच से बढ़ेगी पारदर्शिता

मेडिकल अवकाश को सीएमओ की जांच से जोड़ने का निर्णय प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इससे केवल वही शिक्षक या कर्मचारी अवकाश ले सकेंगे, जो वास्तव में गंभीर रूप से अस्वस्थ होंगे। साथ ही, फर्जी मेडिकल प्रमाण पत्र लगाने वालों की पहचान भी संभव हो सकेगी। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यदि जांच के दौरान कोई प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया तो संबंधित कार्मिक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### शासन के निर्णय से मिलेगी राहत

शासन के इस निर्देश से कक्ष निरीक्षकों की कमी से जूझ रहे परीक्षा केंद्रों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। केंद्र व्यवस्थापकों को स्टाफ की तैनाती को लेकर अनावश्यक दबाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे परीक्षा की गोपनीयता, अनुशासन और समयबद्धता सुनिश्चित होगी।

परीक्षार्थियों के हित में निर्णय इस निर्णय का सबसे बड़ा लाभ परीक्षार्थियों को मिलेगा। सुचारु और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था से विद्यार्थियों को तनावमुक्त वातावरण मिलेगा, जिससे वे अपने भविष्य से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

शिक्षा जगत में यह माना जा रहा है कि यदि इस व्यवस्था का सख्ती से पालन हुआ, तो आने वाले वर्षों में परीक्षा ड्यूटी को लेकर अनुशासन स्वत: स्थापित हो जाएगा।

### सख्ती से ही आएगा सुधार

कुल मिलाकर, शिक्षा विभाग का यह कदम परीक्षा व्यवस्था को सुधारने की दिशा में एक ठोस और सराहनीय प्रयास है। आवश्यकता इस बात की है कि इस निर्णय को केवल कागजों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि पूरी सख्ती और निष्पक्षता के साथ लागू किया जाए। तभी बोर्ड परीक्षाओं की गरिमा और विश्वसनीयता बनी रह सकेगी।

**राजीव कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक।**

# जहानाबाद में विवाहिता की संदिग्ध मौत, घर में फंदे से लटका मिला शव

- घरेलू कलह के चलते आत्महत्या की आशंका, दो बच्चियों की मां थी मृतका

**पीलीभीत।** जनपद के थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव भानपुर में रविवार रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला।

प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह के चलते आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी कुशल पटेल की पत्नी पिंकी (30) का शव उस समय मिला, जब रात में घर का दरवाजा अंदर से बंद पाया गया। पिंकी की शादी वर्ष 2017 में बरेली जिले के गांव मलहपुर से हुई थी।

दंपती की दो पुत्रियां ज्योति और रिद्धि हैं। परिजनों के अनुसार बीते दो दिनों से पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था।

रविवार शाम कुशल अपनी परचूनी की दुकान पर था और उसकी मां भी वहीं चली गई थीं। रात में जब मां घर लौटीं तो दरवाजा अंदर से बंद मिला।

शक होने पर पड़ोसियों को बुलाया गया और कुशल को सूचना दी गई। कुशल दुकान से घर पहुंचा और खपरैल के रास्ते अंदर गया, जहां कमरे में पिंकी फंदे से लटकी मिली।

परिजन उसे तत्काल डॉक्टर के पास ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद शव को घर लाकर मायके पक्ष को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए।

सूचना पर सीओ सदर आईपीएस नताशा गोयल और थाना प्रभारी प्रदीप कुमार विश्नोई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

खबर लिखे जाने एवं भेजने तक फिलहाल मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2026 के छठवें दिन बच्चों की कार्यशाला का भव्य आयोजन



**ललितपुर।** पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2026 के छठवें दिन बच्चों की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पाली क्षेत्र के समस्त इंटर कॉलेज विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों को अध्ययन की सही रणनीति, लक्ष्य निर्धारण, परीक्षा की प्रभावी तैयारी तथा समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को विषयों की गहन समझ एवं अनुशासित अध्ययन की महत्ता बताई। प्रोफेसर निर्देश प्रजापति एवं प्रोफेसर भारती ने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर अभ्यास करने पर बल दिया। उमाशंकर चौरसिया ने समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों को दैनिक अध्ययन योजना बनाने की सलाह दी।

# लाखों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

- थाना अमरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार शातिर आरोपी गिरफ्तार
- दो लाख रुपये नकद, चार मोबाइल फोन व फर्जी दस्तावेज बरामद




**पीलीभीत।** जनपद में बेरोजगार युवाओं को सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का थाना अमरिया पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख रुपये नकद, चार मोबाइल फोन तथा कई फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और सुनियोजित तरीके से बेरोजगार युवाओं को अपने जाल में फंसाकर उनसे मोटी रकम ऐंठ रहा था। आरोपी स्वयं को बड़े सरकारी अधिकारियों, मंत्रालयों से जुड़े प्रभावशाली लोग बताकर युवाओं का भरोसा जीतते थे और उन्हें सरकारी विभागों अथवा नामी निजी संस्थानों में नौकरी लगवाने का आश्वासन देते थे। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने बताया कि गिरोह का एक सदस्य खुद को वरिष्ठ सरकारी अधिकारी बताकर पीड़ितों से फोन पर बात करता था। इसके बाद युवाओं को फर्जी जॉइनिंग लेटर, पहचान पत्र और सेवा पुस्तिका जैसे दस्तावेज उपलब्ध कराए जाते थे, जिससे उन्हें नौकरी लगने का पूरा विश्वास हो जाए। इतना ही नहीं, आरोपियों द्वारा कुछ महीनों तक पीड़ितों के बैंक खातों में 'वेतन' के नाम पर छोटी-छोटी रकम भी डाली जाती थी, ताकि नौकरी वास्तविक प्रतीत हो और पीड़ित अन्य बेरोजगार युवाओं को भी गिरोह से जोड़ सकें।पुलिस के मुताबिक आरोपी युवाओं को यह कहकर लंबे समय तक इंतजार कराते थे कि उनकी पोस्टिंग प्रक्रिया चल रही है या फाइल उच्च स्तर पर अटकी हुई है। इस दौरान उनसे विभिन्न बहानों से और रुपये वसूले जाते थे। जब नौकरी नहीं लगती थी और पीड़ित रुपये वापस मांगते थे, तो आरोपी टालमटोल करते हुए मोबाइल फोन बंद कर लेते थे। इस फर्जीवाड़े का खुलासा ग्राम भुड़ा निवासी राजकुमार की शिकायत पर हुआ। पीड़ित ने थाना अमरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उससे नौकरी लगवाने के नाम पर बड़ी रकम वसूली गई है। विवेचना के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिले। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर घेराबंदी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने बालिकाओं महिलाओं को किया जागरूक



**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

# सस्पेंशन के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे अलंकार अग्निहोत्री

**प्रयागराज।** माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और प्रशासन में हुए विवाद का मामला थम नहीं रहा है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में इस्तीफा देकर पूरे देश में चर्चा में आए बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री प्रयागराज पहुंचे हैं। प्रयागराज में अलंकार अग्निहोत्री अपने निलंबन की कार्रवाई को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। इसी सिलसिले में वह प्रयागराज में अपने विधि सलाहकारों से मिलें। उनका कहना है कि वह निलंबन को चैलेंज करेंगे। संवाददाता से बातचीत में उन्होंनें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अपना नर्म रुख दिखाया, लेकिन केंद्र सरकार पर जमकर अपनी भड़ास निकाली।

अलंकार अग्निहोत्री नें कहा कि केंद्र सरकार एक कम्पनी की तरह चल रही हैं। इसमें सिर्फ दो लोगों की ही चलती हैं, एक मोदी की दूसरे अमित शाह की। उन्होंने कहा- एससी/एसटी एक्ट में संशोधन कराना ही उनकी मुख्य लड़ाई है। इसके लिए दिल्ली से बड़ा आंदोलन शुरू होगा।

# प्रयागराज में रिटायर्ड दरोगा की सिर कूंचकर हत्या

## घर के अंदर मिली खून से लथपथ लाश, माथे पर 5 से अधिक वार



राम रतन मिश्रा, मृतक

एजेंसी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सीबीसीआईडी से रिटायर्ड दरोगा की सिर कूंचकर हत्या कर दी गई। घर में उनकी खून से लथपथ लाश मिली। माथे पर किसी भारी चीज से करीब 5 से अधिक वार किए गए थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

सूचना पर लालापुर थाना पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस लूट, पुरानी रंजिश या व्यक्तिगत दुश्मनी समेत सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पूरा मामला लालापुर थाना क्षेत्र के गांव मदुरी की है।

सीबीसीआईडी से रिटायर्ड दरोगा राम रतन मिश्रा (68) मूल रूप से लालापुर के चकसूशेर गांव के रहने वाले थे। उनका एक मकान मदुरी गांव में भी था, जहां वह अकेले रहते थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य चकसूशेर गांव में रहते हैं।

सोमवार सुबह 9 बजे के करीब रिटायर दरोगा की पोती यशी पहुंची थी। उसने आवाज दी लेकिन दरवाजा नहीं खुला।

इसके बाद फोन लगाया लेकिन उनका मोबाइल नंबर बंद था। फिर उसने अपने भाई प्रवीण को बुलाया जो पीछे की ओर से दीवार फांदकर घर में पहुंचा।

देखा दादा राम रतन मिश्रा फर्श पर खून से लथपथ पड़े थे। उनके सिर पर किसी भारी चीज से करीब 5 से अधिक वार किए गए थे, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## 8वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या, आंते बाहर आई

**बरेली।** बरेली में 8वीं के छात्र की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या कर दी गई। हमलावरों के ताबड़तोड़ वार से उसके पेट से आतें तक बाहर आ गईं। छात्र ने दबंगों के गाली-गलौज करने का विरोध किया था। इसी बात पर झगड़ा हुआ। परिजन सूचना पर छात्र को हॉस्पिटल ले गए। जहां हालत में सुधार न होने पर उसे दिल्ली एम्स रेफर किया। लेकिन रास्ते में ही छात्र ने दम तोड़ दिया। घटना 30 जनवरी की है। छात्र की मौत 1 फरवरी को हुई। परिवार वालों की शिकायत पर पुलिस ने अब एफआईआर दर्ज की है। हाफिजगंज के रिठौरा के मोहल्ला इंद्रपुरी वॉर्ड नंबर 4 में समीर अपने परिवार के साथ रहता था। पिता-माता और 5 भाई-बहन साथ रहते थे। समीर पांच भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। उसका बड़ा भाई रिहान (23) और बड़ी बहन आलमीन (21) है। समीर से छोटे दो भाई और हैं, जिनमें फरमान (11) और अन्नू (8) हैं। समीर के पिता रिठौरा बाजार में कपड़ों का व्यापार करते हैं। समीर पढ़ाई के साथ-साथ दुकान के काम में भी पिता का हाथ बंटाता था।

# सेलिब्रेटिंग कल्चरल हेरिटेज' की थीम पर नेचर एण्ड बर्ड फेस्टिवल हुआ आयोजित

## पर्यटन मंत्री ने ललितपुर-झांसी की 24 करोड़ रुपए की पर्यटन विकास योजनाओं का किया लोकार्पण



**ललितपुर।** सोमवार को विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर ललितपुर के देवगढ़ स्थित महावीर स्वामी वन्यजीव अभ्यरण में नेचर एण्ड वर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जहां उ0प्र0 शासन के मा0 मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना एवं मा0 राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और झांसी-ललितपुर क्षेत्र में 24 करोड़ से अधिक की पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों ने आयोजन स्थल से पहले बनाये गए बर्ड विलेज में ठहरकर प्रकृति के लुभावने दृश्यों का आनन्द लिया, इसके बाद मुख्य आयोजन स्थल की ओर रवाना हुए। यहां पर उन्होंने सर्वप्रथम फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और 24 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का पट्टिकाओं का अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने परिसर में लगाये गए फोटो गैलरी, चित्र प्रदर्शनी व स्टॉलों का निरीक्षण कर सराहना की। उन्होंने मंच पर पहुंचकर माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया तत्तपश्चात प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, डीएफओ नवीन शाक्य सहित अन्य अधिकारीगणों ने मा0 मंत्रीगणों का बुके भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में मा राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ, मा0 सदर विधायक रामरतन कुश्वाहा, मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनिल कुमार सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधिगण, निदेशक इको पुष्प कुमार के0 सहित इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड, पर्यटन विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, प्रकृति प्रेमी, स्थानीय नागरिक, बर्डिंग एवं ट्रैकिंग से जुड़े विशेषज्ञ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कलाकार उपस्थित रहे। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत व सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी।

# शार्ट न्यूज

## रोटवीलर डॉग का बच्चे पर जानलेवा अटैक

**हमीरपुर।** हमीरपुर में बसपा नेता के रोटवीलर कुत्ते ने मासूम बच्चे पर जानलेवा हमला कर दिया। बच्चा जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद कुत्ते ने बच्चे के हाथ और सीने पर चार जगह काट लिया। मांस के लोथड़े निकाल गए। बच्चे की चीख सुनकर बसपा नेता दौड़कर पहुंचे। बच्चे को किसी तरह बचाया गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। 11 साल का बच्चा बसपा नेता के घर बच्चों के साथ खेलने गया था। छत पर खेलकर सीढ़ियों से उतर रहा था, तभी कुत्ते ने हमला कर दिया। घटना रविवार रात सुमेरपुर थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक, परिजनों की शिकायत मिली है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि बसपा नगर अध्यक्ष शिवम जनार्दन के पास दो रोटवीलर कुत्ते हैं। दोनों का लाइसेंस भी उनके पास नहीं है ।राजेंद्र कुमार गौतम सुमेरपुर कस्बे में रहते हैं। वह इस्पात मिल में काम करते हैं। रविवार शाम उनका बेटा अंश घर से 50 मीटर दूर बसपा नेता के घर खेलने गया था। 2 घंटे तक अपने दोस्त पथिक के साथ छत पर खेला। घर आते वक्त रोटवीलर कुत्ता उस पर अचानक टूट पड़ा। अंश ने बताया कि उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला।

## प्रयागराज में डॉक्टर के बेटे का सुसाइड

**प्रयागराज।** प्रयागराज में डॉक्टर के बेटे ने सुसाइड कर लिया। युवक की कमरे में फांसी के फंदे से लटकती डेडबॉडी मिली। घटना की सूचना मिलते ही कर्नलगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक स्पर्श शुक्ला (22) नेशनल लॉ कॉलेज जबलपुर में एलएलबी सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। स्पर्श के पिता डॉ. अजय कुमार बाल रोग विशेषज्ञ हैं। वह कर्नलगंज के स्वास्तिक मैगनोलिया अपार्टमेंट में रहते हैं। पत्नी टीचर है। डॉक्टर के बेटे के डेडबॉडी मिलने की सूचना के बाद पुलिस पहुंची। जांच-पड़ताल की। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात को स्पर्श ने परिवार के साथ खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। रविवार सुबह जब घर में मेड साफ-सफाई करने पहुंची तो दरवाजा नहीं खुला। अंदर से भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद मेड ने परिवार वालों को जानकारी दी। दूसरी चाबी मंगवाकर दरवाजा खोला गया। कमरे के अंदर का सीन देख परिवार के होश उड़ गए। स्पर्श फांसी के फंदे पर लटका हुआ था।

## मेरठ में खंड शिक्षा अधिकारी गिरफ्तार

**सरधना।** एसआइआर से जुड़े मामलों में लापरवाही बरतने पर सरधना के खंड शिक्षा अधिकारी श्याम मोहन अस्थाना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई एसडीएम उदित नारायण सेंगर की तहरीर पर की गई। लगभग तीन घंटे बाद उनका डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी श्याम मोहन तीन दिन से बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। पहले दिन ही मतदाताओं ने उनकी अनुपस्थिति की जानकारी दी थी, जिसके बाद उनकी जगह भूपेंद्र को कार्यभार संभालने के लिए कहा गया था। अस्थाना ने इस दौरान फोन भी रिसीव नहीं किए। एसडीएम उदित नारायण सेंगर के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी श्याम मोहन को मतदाताओं के एसआइआर नोटिस की समय से सुनवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उन्होंने न तो निर्धारित दायित्व का निर्वहन किया और न ही किसी प्रकार की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। खंड शिक्षा अधिकारी शनिवार से बिना किसी सूचना और बिना अवकाश स्वीकृत कराए ही अनुपस्थित थे। जबकि उन्हें तहसील सभागार में एसआइआर नोटिस से संबंधित मामलों की सुनवाई की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## शादी से 11 दिन पहले युवक की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के बीबीडी इलाके में शनिवार देर शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। उसका ममेरा भाई गंभीर रूप से घायल है और ट्रॉमा सेंटर में उसका इलाज चल रहा है। मृतक अपनी शादी का कार्ड बांटने के लिए जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता ने थाने में टक्कर मारने वाले वाहन के खिलाफ तहरीर दी है। हादसा शनिवार शाम करीब 7: 30 बजे किसान पथ पर आनंदी वाटर पार्क के पास हुआ। मृतक की पहचान गोपी कुमार (23) के रूप में हुई है। मृतक गुडम्बा के श्रीकृष्ण पुरवा का रहने वाला था। चाचा राधेलाल ने बताया कि गोपी की शादी 13 फरवरी को शादी होनी थी। 9 फरवरी को तिलक था। इसको लेकर वह बाइक से शादी का निमंत्रण बांटने जा रहा था। तभी पीछे से आए एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गोपी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार मामा का लड़का गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## तेज रफ्तार कार ने महिला और बच्ची को कुचला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के विजयनगर में एक तेज रफ्तार कार ने महिला और बच्ची को कुचल दिया। कार चालक फिल्मी स्टाइल में कार को दौड़ाता रहा। जिसने एक बाइक समेत 3 वाहनों को टक्कर मारी। इससे आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। महिला का पैर टूट गया, जबकि 6 साल की बच्ची को दिल्ली में रैफर किया गया है। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। वहीं आरोपी चालक हिरासत में है। अब पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बताया कि स्विफ्ट डिजायर कार संख्या डीएल8सीबीके 7634 ने महिला मुस्कान पत्नी श्याम सुंदर निवासी मान सरोवर पार्क को टक्कर मार दी। जहां कार ने बच्ची को भी कुचल दिया। जिसमें एक अन्य बच्ची बाल बाल बच गई। हादसे में महिला के बाएं पैर की हड्डी टूट गई। पुलिस ने बताया कि घायल महिला का इलाज संजीवनी हॉस्पिटल में चल रहा है। वहीं महिला की 6 वर्षीय पुत्री वैष्णवी के सिर में गंभीर चोट आई है।

## पुलिस ने सपा पार्षद को घसीटते हुए गिरफ्तार किया

लखनऊ। लखनऊ में पुलिस ने करीब 100 मीटर तक घसीटकर सपा पार्षद को गिरफ्तार किया। उनके समर्थकों को दौड़ाकर पीटा। इससे गुस्साए बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोगों ने थाना घेर लिया। पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हंगामा बढ़ता देखकर मौके पर 5 थानों की पुलिस बुलाई गई। डीसीपी और एसीपी मौके पर पहुंचे। पार्षद को छोड़ने और मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। करीब 4 घंटे तक हंगामा चला। घटना 2 फरवरी, सोमवार को गाजीपुर थाने की है। थाना क्षेत्र के बस्तौली गांव में कोर्ट के आदेश पर घर खाली कराने के विरोध में रामचंद्र वाल्मीकि का परिवार 31 जनवरी से धरने पर बैठा है। स्थानीय सपा पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि भी सोमवार को धरने में शामिल हुए। आरोप है कि उन्होंने मकान में कोर्ट के आदेश पर लगाए गए ताले को जबरन तोड़वा दिया। इससे पुलिस से उनकी तीखी नोकझोंक हो गई। धरने में शामिल लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों को चोट आई और उनकी वर्दी फट गई। इसके बाद पुलिस ने पार्षद समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया।

## सीतापुर में पेड़ से लटका मिला युवक शव

सीतापुर। सीतापुर के लहरपुर कोतवाली अंतर्गत अकबरपुर गांव में सोमवार शाम करीब 4: 30 बजे एक युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव शारदा सहायक नहर के किनारे पेड़ से लटका मिला। शिनाख्त के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया में पारिवारिक कारणों के चलते युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह के मुताबिक,तालगांव क्षेत्र के ढेडुवा रुढ कलाबहादुर गांव निवासी रामचंद्र उर्फ रामू (40) ने अकबरपुर के निकट शारदा सहायक नहर के कॉमन बैक पर एक सागौन के पेड़ से मफलर फंदा लगा लिया। राहगीरों ने उसे पेड़ से लटका देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों से संपर्क किया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि रामचंद्र का पिछले कई दिनों से पत्नी राम गुनी से विवाद चल रहा था। उसकी पत्नी तालगांव कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवरिया स्थित अपने मायके चली गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### हमारे बीच पांच हजार वर्षों का व्यापारिक रिश्ता, भारत–अरब संबंध पर बोले अव्वाद

**अबुधावी, एजेंसी।** भारत–अरब विदेश मंत्रियों की बैठक के बीच विदेश मामलों के विशेषज्ञ वायल अव्वाद ने दोनों क्षेत्रों के बीच गहरे ऐतिहासिक और कूटनीतिक संबंधों पर प्रकाश डाला है। इस वार्ता को भारत और अरब जगत के बीच एक नए युग की शुरुआत माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और अरब देशों के संबंध मात्र आधुनिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हमारे बीच पांच हजार वर्षों का व्यापारिक संबंध है। अव्वाद ने लंबे समय से चले आ रहे संबंधों के संदर्भ को स्पष्ट करते हुए अरब देशों के भौगोलिक विस्तार और भारत के साथ उनके साझा हितों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अरब जगत में कुल 22 देश शामिल हैं ( 11 उत्तरी अफ्रीका में और 11 पश्चिम एशिया व खाड़ी क्षेत्र में)। प्राचीन काल से ही दोनों सभ्यताओं के बीच व्यापार, अर्थव्यवस्था और ज्ञान का निरंतर आदान–प्रदान होता रहा है। वर्तमान विदेश मंत्रियों की बैठक 10 साल के अंतराल के बाद हो रही है, जो संबंधों को पुन: प्रगाढ़ करने का एक बड़ा संकेत है। अव्वाद के अनुसार, 2014 के बाद से भारत–अरब संबंधों में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई अरब देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है। शीर्ष नेतृत्व के बीच बढ़ता विश्वास भारत को अरब जगत के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित करता है।

### जज ने दिया पांच साल के बच्चे को पिता के साथ रिहा करने का आदेश

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका में इमिग्रेशन एजेंट्स ने कुछ दिन पहले एड्रियन कोनेजो एरियस नाम के शख्स को पकड़ने के लिए उसके पांच साल के बच्चे का इस्तेमाल किया था। एजेंट्स ने उस पांच साल के बच्चे को मोहरे के तौर पर इस्तेमाल किया। इस मामले में अब फेडरल जज ने एक्शन लिया है। फेडरल जज ने इमिग्रेशन एजेंट्स को आदेश दिया कि उस पांच साल के बच्चे लियाम कोनेजो रामोस को रिहा कर दिया जाए। इसके साथ ही उस बच्चे के पिता एड्रियन कोनेजो एरियस को भी छोड़ा जाए। अमेरिका की पूर्व उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी इस पांच साल के बच्चे की गिरफ्तारी का मामला उठाया था। इस बच्चे को मिनियापोलिस के एक शहर से इमिग्रेशन अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया था। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज फ्रेड बियरी ने शनिवार, 31 जनवरी को अपने आदेश में कहा, यह मामला सरकार की रोजाना डिपोर्टेशन कोटा पूरा करने की गलत सोची–समझी और खराब तरीके से लागू की गई कोशिश से शुरू हुआ है, भले ही इसके लिए बच्चों को ट्रॉमा से गुजरना पड़े। इक्वाडोर में रहने वाले यह पिता और बेटे शरणार्थी के तौर पर कानूनी रूप से अमेरिका में रह रहे थे। इनके वकील मार्क प्रोकोश ने इनकी गिरफ्तारी के बाद रॉयटर्स को बताया था कि इन दोनों को टेक्सास के डिले में एक फैमिली डिटेंशन सेंटर में भेजा गया है। कमला हैरिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट के बाद अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग की सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने कहा, आइईसी ने बच्चे को मोहरा नहीं बनाया। मैकलॉघलिन ने आगे बताया, 20 जनवरी को आइईसी का ऑपरेशन बच्चे के पिता को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से था। पिता ने बच्चे को छोड़ दिया और आइईसी ने बच्चे की मां से कई बार उसकी कस्टडी लेने के लिए कहा था, लेकिन उसने मना कर दिया।

### इस्तांबुल पहुंचे ईरानी विदेश मंत्री अराघची, शुरू की गुप्त रणनीतिक बातचीत

**तेहरान, एजेंसी।** मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के खतरे और अमेरिका की कड़ी चेतावनियों के बीच ईरान और तुर्किये ने कूटनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची गुरुवार को इस्तांबुल पहुंचे, जहां वे तुर्किये के शीर्ष नेतृत्व के साथ अहम और संवेदनशील बातचीत करने वाले हैं। इस्तांबुल पहुंचने के बाद अराघची ने कहा कि क्षेत्र की स्थिति बेहद नाजुक है, ऐसे में ईरान और तुर्किये के बीच सामान्य से कहीं अधिक संवाद हो रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा आगे बढ़ाए जा रहे लक्ष्यों ने दोनों देशों को आपसी समन्वय बनाए रखने के लिए मजबूर किया है। तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान पहले ही अराघची से मुलाकात कर चुके हैं। यह बातचीत ऐसे समय हो रही है, जब अंकारा खुद को अमेरिका और ईरान के बीच संभावित सैन्य टकराव रोकने वाले मध्यस्थ के रूप में पेश कर रहा है। तुर्किये लंबे समय से क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने की बात करता रहा है।यह दौरा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उन धमकियों के बाद हो रहा है, जिनमें उन्होंने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और आर्माडा (युद्धपोतों का बेड़ा) भेजने की बात कही थी। अमेरिका पहले ही फारस की खाड़ी में अपने युद्धपोत और लड़ाकू विमान तैनात कर चुका है। दौरे के दौरान अराघची की तुर्की राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से भी मुलाकात प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि इस बैठक में ईरान पर अमेरिकी दबाव, इज़राइल की भूमिका, गाजा युद्ध और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा होगी।

# राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने कहा- इन्होंने भड़काई विरोध की आग



**तेहरान , एजेंसी।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने देश में हाल ही में हुए हिंसक प्रदर्शनों के लिए सीधे तौर पर अमेरिका, इजराइल और यूरोपीय देशों को जिम्मेदार ठहराया है।

शनिवार को सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक संबोधन में पेजेश्कियान ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप, बेंजामिन नेतन्याहू और यूरोपीय नेताओं ने ईरान की आर्थिक समस्याओं का फायदा उठाकर जनता को भड़काने और देश को तोड़ने का प्रयास किया है। दिसंबर के अंत में बढ़ती महंगाई और आर्थिक संकट के कारण शुरू हुए ये प्रदर्शन अब शांत हो गए हैं, लेकिन इनका प्रभाव काफी गहरा रहा है। राष्ट्रपति के अनुसार, विदेशी शक्तियों ने निर्दोष लोगों को इस आंदोलन में खींचने के लिए संसाधनों की आपूर्ति की और समाज को विभाजित करने की कोशिश की।

**मौतों के विरोधाभासी आंकड़े :** दो सप्ताह तक चले प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में हताहतों की संख्या को लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन एचआरएएनए का दावा है कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम 6,563 लोग मारे गए हैं, जिनमें 6,170 प्रदर्शनकारी और 214 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं

इसके विपरीत, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आंकड़ों को कम बताते हुए कहा कि कुल 3,100 लोग मारे गए हैं, जिनमें 2,000 सुरक्षा बल के जवान शामिल हैं। पेजेश्कियान ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक सामाजिक विरोध नहीं था, बल्कि देश में घृणा और संघर्ष पैदा करने की एक सुनियोजित विदेशी साजिश थी। सैन्य तनाव व कूटनीतिक प्रयास वर्तमान में ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए सैन्य कार्रवाई के संकेत दिए हैं, हालांकि अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। इस बीच, इजराइल के ईलात बंदरगाह पर अमेरिकी नौसेना के एक विध्वंसक जहाज के पहुंचने की खबर ने युद्ध की आशंकाओं को और बल दिया है। अमेरिका की मांग है कि बातचीत शुरू करने के लिए ईरान अपने मिसाइल कार्यक्रम पर रोक लगाए, जिसे ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्री अराघची ने स्पष्ट किया कि मिसाइलों पर कोई समझौता नहीं होगा और शासन परिवर्तन की बात करना एक कल्पना मात्र है। तुर्की, सऊदी अरब और यूएई जैसे क्षेत्रीय देश स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए कूटनीतिक प्रयासों में जुटे हैं। ईरान ने कभी परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं की- अराघची ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान और विदेश मंत्री हाकान फिदान से मुलाकात कर क्षेत्रीय शांति पर चर्चा की। एक्स पोस्ट में अराघची ने कहा, हमारी बातचीत में, मैंने दोहराया कि ईरान ने कभी भी परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं की है और वह एक निष्पक्ष और न्यायसंगत परमाणु समझौते के लिए तैयार है जो हमारे लोगों के वैध हितों को पूरा करता हो। इसमें परमाणु हथियार निषेध सुनिश्चित करना और प्रतिबंधों को हटाने की गारंटी देना शामिल है।

### स्विस बैंक में अकाउंट, ब्रिटिश लग्जरी मेंशन... खामेनेई के बेटे ने मिडिल ईस्ट से यूरोप तक फैलाया साम्राज्य

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बच्चों में दूसरे नंबर का सबसे बड़ा बेटा मोज्तबा खामेनेई एक आलीशान लाइफस्टाइल जीता है। इसके पास करोड़ों की प्रॉपर्टी है। मोज्तबा खामेनेई के पास केवल ईरान में ही नहीं, बल्कि यूरोप से लेकर मिडिल ईस्ट तक अयातुल्लाह खामेनेई के बेटे का साम्राज्य फैला है। नॉर्थ लंदन की एक सड़क, जिसे बिलियनेयर्स रो के नाम से जाना जाता है, इसकी ऊंची झाड़ियों और काले गेटों के पीछे कई खाली हवेली हैं। यहां के लग्जरी घरों में तेहरान से दुबई और फ्रैंकफर्ट तक फैला नेटवर्क रहता है। लंदन में इस प्रॉपर्टी का असली मालिकाना हक शेल कंपनियों के जरिए मोज्तबा खामेनेई तक पहुंचता है, जो कि मिडिल ईस्ट के सबसे ताकतवर शख्स में से एक है। 56 साल के मोज्तबा को अयातुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी के रूप में माना जा रहा है।पश्चिमी खुफिया एजेंसी के मुताबिक, इनकी वित्तीय ताकत में पर्शियन गल्फ शिपिंग से लेकर स्विस बैंक खातों और 100 मिलियन पाउंड (138 मिलियन डॉलर) से ज्यादा की ब्रिटिश प्रॉपर्टी तक सब कुछ शामिल है।

## इजरायल ने फिर किया गाजा पर हमले, छह बच्चों सहित 30 फलस्तीनी मारे गए



**यरूसलम, एजेंसी।** फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायल ने शनिवार को गाजा में पिछले कई हफ्तों में सबसे भीषण हवाई हमले किए, जिनमें पुलिस स्टेशन, घरों और तंबुओं को निशाना बनाया गया। हमलों में छह बच्चों और तीन महिलाओं सहित 30 लोग मारे गए। इजरायली सेना ने कहा कि उसने हमास और उसके सहयोगी इस्लामिक जिहाद से संबंधित कमांडरों और ठिकानों को निशाना बनाया। यह कार्रवाई गाजा में दो साल के युद्ध के बाद पिछले अक्टूबर में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम के उल्लंघन के जवाब में की गई।

गाजा के लगभग आधे हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हमास ने कहा कि इजरायल ने युद्धविराम का उल्लंघन किया है। उसने यह नहीं बताया कि शनिवार के हमलों में उसके किसी सदस्य या ठिकाने को निशाना बनाया गया या नहीं। इजरायल ने ये हमले गाजा पट्टी और मिस्र के बीच रफा सीमा चौकी के फिर से खुलने से एक दिन पहले किए। यह चौकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की उस योजना के तहत खोली जानी है, जिसके तहत गाजा के अधिकांश हिस्से को तबाह कर देने वाले युद्ध को समाप्त किया जाएगा। कई जगहों को बनाया निशाना स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा शहर के पश्चिम में स्थित शेख रादवान पुलिस स्टेशन पर इजरायली विमानों ने बमबारी की, जिसमें 10 अधिकारी और बंदी मारे गए। हमास द्वारा संचालित पुलिस ने बताया कि बचाव दल घटनास्थल पर और हताहतों की तलाश कर रहे हैं। अन्य हवाई हमलों में उत्तरी-मध्य गाजा में कम से कम दो घर और दक्षिण में खान यूनिस में विस्थापित फलस्तीनियों को आश्रय देने वाले एक शिविर को निशाना बनाया गया।

## ब्रिटिश रॉयल फैमिली का नाम भी एपस्टीन फाइल्स आया, पूर्व प्रिंस एंड्रयू की आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल



**वाशिंगटन/लदन , एजेंसी।** ब्रिटिश रॉयल फैमिली के पूर्व प्रिंस एंड्रयू को लेकर एप्सटीन फाइल्स में नया खुलासा हुआ है। नये खुलासे में उन्हें हाथ और पैर के बल एक महिला के ऊपर लेटे देखा जा सकता है। ये तस्वीरें अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को जारी कीं, जिससे ब्रिटिश रॉयल फैमिली में हड़कंप मच गया है। ये तस्वीरें पूर्व प्रिंस एंड्र्यू पर राजनीतिक दबाव बढ़ाने वाली साबित हो रही है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने उन्हें अमेरिकी कांग्रेस के सामने गवाही देने की मांग की है। स्टार्मर ने जापान दौरे पर कहा कि एपस्टीन के पीड़ितों को न्याय मिलना सबसे जरूरी है। एक अनडेटेड तस्वीर में एंड्र्यू माउंटबेटन-विंडसर कैमरे की तरफ देखते हुए हाथ और पैर के बाल झुके हुए दिख रहे हैं। नीचे एक महिला लेटी हुई है, लेकिन गोपनीयता के वजह से उसका चेहरा धुंधला कर दिया गया है। दूसरी तस्वीर में एंड्र्यू का हाथ उसी महिला के पेट पर रखा हुआ है। बैकग्राउंड में एक अज्ञात व्यक्ति टेबल पर पैर रखे बैठा है। इन तस्वीरों का कोई कैप्शन या संदर्भ नहीं दिया गया, इसलिए ये कब और कहां ली गईं, ये साफ नहीं है।

**2010 की एक ईमेल चेन भी शामिल :** एपस्टीन दस्तावेजों में 2010 की एक ईमेल चेन भी शामिल है, जिसमें एपस्टीन ने एंड्र्यू को लंदन में एक दोस्त से मिलने का न्योता दिया। एंड्र्यू ने जवाब में कहा कि वो मिलने के लिए उत्सुक हैं और उसका संपर्क दें। एपस्टीन ने उस महिला को 26 साल की रूसी बताते हुए लिखा कि वो स्मार्ट, सुंदर और भरोसेमंद है। ये ईमेल एपस्टीन के नाबालिग से सेक्स सॉलिसिटेशन के दोषी ठहराए जाने के दो साल बाद भेजे गए थे। एक महीने बाद की ईमेल्स में दोनों लंदन में मिलने की योजना बनाते दिखते हैं। एंड्र्यू ने बकिंघम पैलेस में डिनर का सुझाव दिया, जहां बहुत प्राइवेसी होगी। एपस्टीन ने कहा कि उन्हें निजी समय की दरकार है।

## ईरान नहीं अब वेनेजुएला से तेल खरीदेगा भारत, डोनल्ड ट्रंप का बड़ा दावा



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने तेल खरीदने को लेकर फिर से एक बार नया बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि यदि चीन वेनेजुएला का तेल खरीदना चाहता है तो उसका स्वागत है। भारत ने पहले ही तेल खरीदने की डील कर ली है। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, चीन का स्वागत है, वह आए और तेल पर एक शानदार डील करे। हमने पहले ही एक डील कर ली है। भारत आ रहा है और वे ईरान से खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेंगे। तो, हमने पहले ही डील का कॉन्सेप्ट बना लिया है। भारत सरकार ने अभी तक ट्रंप की टिप्पणियों पर कोई जवाब नहीं दिया है। इससे पहले, ट्रंप ने कहा था कि वेनेजुएला ने अमेरिका को 5.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के 50 मिलियन बैरल तेल की पेशकश की है और उन्होंने इस डील पर सहमति दे दी है।

**ट्रंप ने पहले क्या किए हैं दावे :** सदर्न बुलेवार्ड का नाम बदलकर डोनाल्ड ट्रंप बुलेवार्ड रखने पर प्रेस को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, हम नए राष्ट्रपति के साथ डील कर रहे हैं। हम देश चलाने वाले बहुत से लोगों के साथ डील कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि हमारे पास 50 मिलियन बैरल तेल है और हमें इसे तुरंत प्रोसेस करवाना है क्योंकि हमारे पास जगह नहीं है। क्या आप इसे लेंगे? मैंने कहा, हम इसे लेंगे। यह 5.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। ट्रंप ने वेनेजुएला की अंतरिम सरकार के साथ अच्छे संबंधों की भी तारीफ की है। उन्होंने कहा, हमारे उन लोगों के साथ बहुत अच्छे संबंध रहे हैं जो अभी अंतरिम राष्ट्रपति हैं और बाकी सभी के साथ भी। बहुत सारा दबाव कम हो गया है।

**रेवन्यू अमेरिकी सरकार के अकाउंट में रखा जा रहा है :** मादुरो को पकड़े जाने के बाद, ट्रंप ने यह साफ कर दिया था कि वाशिंगटन ट्रांजिशन के दौरान वेनेजुएला को चलाएगा और उसे उनके देश में तेल और दूसरी चीज़ों तक पूरी पहुंच चाहिए। ट्रंप की टिप्पणियों से न्यूयॉर्क स्थित न्यूज़ आउटलेट सेमाफोर की हालिया रिपोर्ट की भी पुष्टि होती है कि अमेरिका ने 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के वेनेजुएला के तेल की पहली बिक्री की है। सेमाफोर रिपोर्ट के अनुसार, प्रशासन के एक अधिकारी के मुताबिक,आदेश में बताए अनुसार, तेल बिक्री से होने वाला रेवेन्यू फिलहाल अमेरिकी सरकार द्वारा नियंत्रित बैंक अकाउंट्स में रखा जा रहा है। दूसरे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के अनुसार, मेन अकाउंट कतर में है।

## बलूच विद्रोहियों का 48 पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर एक साथ हमला, 84 सैनिक मारे गए



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने शनिवार को आपरेशन हेरोफ का दूसरा चरण शुरू करने का एलान किया। इसके तहत विद्रोहियों ने 48 जगहों पर एक साथ पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। पाकिस्तान की सेना और पुलिस बीएलए के निशाने पर है।

बीएलए ने 84 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराने का दावा किया है। बीएलए के प्रवक्ता जियांद बलूच ने इसे कब्जा करने वाली ताकतों के खिलाफ निर्णायक प्रतिरोध करार दिया है। बीएलए ने आपरेशन हेरोफ का पहला चरण अगस्त 2024 के अंत में शुरू किया था। इसका उद्देश्य बलूचिस्तान में प्रमुख राजमार्गों और सेना शिविरों पर हमला करना था। दूसरी तरफ, बलूचिस्तान सरकार ने 70 विद्रोहियों को मारने का दावा किया है। सरकार का कहना है शुक्रवार देर रात से शनिवार दोपहर तक विद्रोहियों ने 12 स्थानों पर सुरक्षा बलों, सरकारी एजेंसियों और नागरिकों पर हमले किए। इन अभियानों में 10 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई। विद्रोहियों ने यह अभियान पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा पंजगुर और हरनाई में चलाए गए आपरेशन में 41 लड़ाकों की हत्या के बाद शुरू किया है।

बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि ये हमले क्वेटा, ग्वादर, मकरम, हुब, चमन और नसीराबाद सहित विभिन्न स्थानों पर किए गए। इन हमलों में पुलिस, सीमा सुरक्षा बल और नागरिकों को निशाना बनाया गया।

**अभियान अभी भी जारी :** बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार रात को शुरू हुआ अभियान शनिवार शाम को भी जारी है। एक संघीय मंत्री ने कहा कि बीएलए के लड़ाकों ने ग्वादर में नागरिकों की हत्या की। सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने जियो न्यूज को बताया कि जब विद्रोहियों ने हमला किया, तो सुरक्षा बल सतर्क थे। उन्होंने इन हमलों को विफल कर दिया।

## अमेरिका में बैंक पर ताला- जमाकर्ताओं के पैसे का क्या हुआ, कौन संभालेगा जिम्मेदारी?





**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में बैंकिंग सेक्टर से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। इलिनोइस डिपार्टमेंट ऑफ़ फाइनेंशियल एंड प्रोफेशनल रेगुलेशन ने मेट्रोपॉलिटन कैपिटल बैंक एंड ट्रस्ट को बंद कर दिया है। इसके साथ ही फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन को इस बैंक का रिसीवर नियुक्त किया गया है। एफडीआइसी ने फर्स्ट इंडिपेंडेंस बैंक के साथ खरीद और अधिग्रहण समझौता किया है, जिसके तहत मेट्रोपॉलिटन कैपिटल बैंक एंड ट्रस्ट की लगभग सभी जमा राशियों को अपने नियंत्रण में लिया जाएगा।

मेट्रोपॉलिटन कैपिटल बैंक एंड ट्रस्ट का इकलौता कार्यालय सोमवार, 2 फरवरी 2026 को अपने सामान्य कामकाजी समय में फर्स्ट इंडिपेंडेंस बैंक की शाखा के रूप में दोबारा खुलेगा। बैंक के मौजूदा जमाकर्ता अपने आप फर्स्ट इंडिपेंडेंस बैंक के ग्राहक बन जाएंगे। जिन जमा राशियों को फर्स्ट इंडिपेंडेंस बैंक ने अपने पास लिया है, वे पहले की तरह एफडीआइसी बीमा के दायरे में रहेंगी, इसलिए ग्राहकों को घबराने या अपने बैंकिंग संबंध बदलने की जरूरत नहीं होगी। एफडीआइसी ने साफ किया है कि ग्राहकों को उनकी जमा राशि तक तुरंत पहुंच मिलेगी। सप्ताहांत के दौरान भी ग्राहक चेक लिखकर,ृ अ्ररू या डेबिट कार्ड के जरिए अपने पैसे निकाल सकेंगे। बैंक पर जारी किए गए सभी चेक सामान्य रूप से प्रोसेस होते रहेंगे। वहीं, जिन ग्राहकों ने बैंक से लोन लिया है, उन्हें पहले की तरह अपनी किश्तों का भुगतान जारी रखना होगा। अगर किसी ग्राहक को कोई सवाल या परेशानी है, तो वे एफडीआइसी के टोल-फ्री नंबर 1-866-314-1744 पर संपर्क कर सकते हैं या एफडीआइसी की आधिकारिक वेबसाइट से जानकारी ले सकते हैं। यह हेल्पलाइन अलग-अलग दिनों में तय समय पर उपलब्ध रहेगी, ताकि ग्राहकों को हर संभव सहायता मिल सके। आंकड़ों के मुताबिक, 30 सितंबर 2025 तक मेट्रोपॉलिटन कैपिटल बैंक एंड ट्रस्ट के पास कुल 261.1 मिलियन डॉलर की संपत्ति और 212.1 मिलियन डॉलर की जमा राशि थी। फर्स्ट इंडिपेंडेंस बैंक ने बैंक बंद होने के समय लगभग सभी जमा राशियों को लेने पर सहमति जताई है और वह विफल बैंक की करीब 251 मिलियन डॉलर की संपत्ति भी खरीदेगा। शेष संपत्तियों को एफडीआइसी अपने पास रखेगा और बाद में उनका निपटान किया जाएगा।

## लगातार दो धमाकों से दहला ईरान, 5 लोगों की मौत; इजरायल बोला- हमारा कोई हाथ नहीं

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में शनिवार को दो अलग-अलग धमाकों में कम से कम पांच लोग मारे गए और 14 अन्य घायल हो गए। सरकारी तेहरान टाइम्स ने शहर के फायर डिपार्टमेंट के प्रमुख के हवाले से बताया कि दक्षिण-पश्चिमी शहर अहवाज में एक गैस धमाके से एक रिहायशी इमारत ढह गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने न्यूज एजेंसियों को बताया कि एक अलग घटना में दक्षिणी बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में एक धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। दो इजरायली अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने इन धमाकों में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है।

**धमाके की वजह की जांच जारी :** सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने होर्मोजगान प्रांत में संकट प्रबंधन के डायरेक्टर जनरल मेहरदाद हसनजादेह के हवाले से बताया कि धमाके की वजह की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, इस घटना में घायल हुए लोगों को अस्पताल ले जाया जा रहा है। हालांकि उन्होंने किसी की मौत की कोई जानकारी नहीं दी। सरकारी टीवी पर दिखाई गई तस्वीरों में इमारत का बाहरी हिस्सा उड़ा हुआ दिख रहा था, जिससे अंदर के कुछ हिस्से दिख रहे थे और चारों ओर मलबा बिखरा हुआ था। दूसरे ईरानी मीडिया ने भी इसी तरह की रिपोर्ट दीं, लेकिन उसने भी कारण के बारे में कोई डिटेल नहीं दी। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर आ रही वे खबरें जिनमें विस्फोट में रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना कमांडर को निशाना बनाए जाने का आरोप था, पूरी तरह से झूठी हैं। वहीं, तेहरान टाइम्स के अनुसार इराकी सीमा के पास अहवाज शहर में गैस विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई। इस बारे में तत्काल कोई और जानकारी उपलब्ध नहीं है। पेंटागन ने इस संबंध में टिप्पणी के अनुरोध पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



**ईरान ने अमेरिका को दी चेतावनी :** ईरान के सेना प्रमुख अमीर हातामी ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिका कोई गलती करता है, तो इससे निश्चित रूप से उसकी अपनी सुरक्षा, इजरायल और पूरे पश्चिम एशिया की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा, आज, इस्लामिक रिपब्लिक आफ ईरान के सशस्त्र बल पूरी तरह से रक्षात्मक और सैन्य रूप से तैयार हैं और क्षेत्र में दुश्मन की गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम पूरी तरह से तैयार हैं। हातामी ने इस बात पर जोर दिया कि यदि दूसरा पक्ष समस्या का समाधान करने को तैयार है, तो उसे ईरानी राष्ट्र के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। ट्रंप की धमकी के बीच हुआ धमाका राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की तरफ से आक्रामक बयानबाजी के बाद अमेरिका द्वारा इस क्षेत्र में एक एयरक्राफ्ट कैरियर ग्रुप तैनात किए जाने के बाद ईरान में यह धमाका एक तनावपूर्ण समय में हुआ।

# टी20 विश्वकप मैच के लिए तय समय पर श्रीलंका पहुंचेगी भारतीय टीम: बीसीसीआई

## पाकिस्तान के मैच से हटने के बाद भी कार्यक्रम में नहीं किया बदलाव

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि टीम टी20 विश्व कप 2026 के लिए तय समय पर श्रीलंका जाएगी हालांकि पाकिस्तान ने उसके खिलाफ ग्रुप स्तर के मैच में खेलने से इंकार कर दिया है। बीसीसीआई के अनुसार पाकिस्तान ने 15 फरवरी को होने वाले विश्वकप मैच में बिना किसी ठोस करणों से खेलने से इंकार किया है पर इसके बाद भी हमारे कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) नियमों के तहत ही सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी करेगी। भारत-पाक के बीच मुकाबला 15 फरवरी 2026 को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होना था पर पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि वह इसमें अपनी टीम नहीं उतारेगा।

पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया में एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि टीम विश्व कप 2026 में भाग लेगी पर ग्रुप स्तर पर भारत के खिलाफ कोई मैच नहीं खेलेगी। पाक सरकार ने भारतीय टीम के खिलाफ मैच से हटने का कोई कारण नहीं बताया है। इससे कार्यक्रम पर संशय बना हुआ है। पाक के मैच से बाहर होने के बाद भी भारतीय टीम अपने तय कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं करते हुए तय समय पर श्रीलंका पहुंचेगी। टीम अपने नियमित अभ्यास सत्र के बाद प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेंगे और मैच वाले दिन निर्धारित समय पर स्टेडियम में भी पहुंचेगी। वहीं पाक टीम के नहीं पहुंचने के बाद आईसीसी के नियमों के तहत मैच रेफरी फैसला देंगे। इसमें भारतीय टीम को मैच अंक मिलेंगे जबकि पाक के अंक कटेंगे।

आईसीसी ने भी हालांकि अभी ये नहीं बताया है कि अगर कोई टीम विश्व कप मैच खेलने नहीं आती है तो उसके खिलाफ क्या कदम उठाये जाएंगे। पाक को विश्वकप में अपने पहले मुकाबले में 7 फरवरी को पहला मैच नीदरलैंड्स जबकि 10 फरवरी को अमेरिका वह 18 फरवरी को नामीबिया से खेलना है। ये सभी मैच कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब मैदान में खेले जाने हैं। पीसीबी ने अभी ये नहीं बताया है कि अगर उनकी टीम सेमीफाइनल में पहुंचती है तो तब भी क्या वह भारत के सामने नहीं उतरेगी? भारत-पाक मुकाबले से आईसीसी और प्रसारणकर्ताओं को सबस अधिक राजस्व मिलता है। ऐसे में इस मैच के नहीं होने से आईसीसी को भी काफी नुकसान



होगा। ऐसे में अब देखना होगा कि आईसीसी इस मामले में क्या फैसला करती है।

# अभिषेक टी20 विश्कप में सबसे अधिक रन बनाएंगे : पोंटिंग



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह सात फरवरी से शुरु होने जा रहे टी20 विश्वकप में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनेंगे। विश्वकप संयुक्त रु से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कई दिग्गज बल्लेबाजों के होते हुए भी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान का मानना है कि अभिषेक रनों के मामले में सबसे आगे रहेंगे इस पूर्व कप्तान ने अभिषेक की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अच्छी लय में है और उसे घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा। ऐसे में उसे आईसीसी टूर्नामिंट्स का अनुभव न होने पर भी नुकसान नहीं होगा। वह पहली बार कोई आईसीसी टूर्नामेंट खेलने के कारण निडर होकर उतरेगा। ऐसे में अनुभव की कमी उसके लिए फायदेमंद ही साबित होगी। साथ ही कहा कि उसे इस टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड भी मिल सकता है। पोंटिंग ने आगे कहा, अगर वह रन बनाता है तो भारतीय टीम को हराना बेहद कठिन हो जाएगा। और अगर वह नहीं चलता, तो भी भारतीय टीम को कम नहीं आंक सकते। अभिषेक साल 2018 में भारत की अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम में शामिल रहे हैं पर टी20 वर्ल्ड कप 2026 सीनियर टीम के साथ उसका पहला विश्वकप होगा।

पोंटिंग ने कहा, मैं उसका पहला आईपीएल कोच रहा था। उसने 17 साल की उम्र में मेरे साथ दिल्ली कैपिटल्स के लिए डेब्यू किया था। मुझे आज भी याद है, पहली ही गेंद पर उसने से चौका या छक्का मारा था। पोंटिंग ने यह भी खुलासा किया कि वह अभिषेक को दिल्ली से ट्रेड करने के फैसले के खिलाफ थे। मैंने प्रबंधन से कई बार कहा था कि उसे मत जाने दो, यहां एक सुपरस्टार बन रहा है। और आज वही हो रहा है।अभिषेक ने हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 4 मैचों में 152 रन बनाए। सीरीज के तीसरे मुकाबले में अभिषेक ने सिर्फ 14 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। जो भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरा सबसे तेज़ अर्धशतक है। इससे पहले केवल युवराज के नाम ही 12 गेंदों में ये रिकार्ड है।ऐसे में भारतीय टीम को विश्वकप में अभिषेक से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। ।भारत को ग्रुप A में पाकिस्तान, अमेरिका, नामीबिया और नीदरलैंड्स के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 7 फरवरी को अमेरिका के खिलाफ करेगा।

# इंग्लैंड ने दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल की



**कोलंबो (एजेंसी)।** हैरी ब्रूक की आक्रामक बल्लेबाजी से इंग्लैंड ने यहु दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में भी मेजबान श्रीलंका को हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। बर्षा बाधित इस मैच में मेहमान टीम इंग्लैंड ने डकवर्थ लुइस नियम के तहत 6 विकेट से जीत हासिल की। वहीं पहले मैच में भी श्रीलंकाई टीम 11 रन से हार गयी थी। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 5 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाये। वहीं दूसरी पारी में बारिश के कारण इंग्लैंड को 17 ओवर में 168 रन का संशोधित लक्ष्य मिला।जिसे इंग्लैंड टीम ने टॉम बैंटन के अर्धशतक और कप्तान हैरी ब्रूक की आक्रामक पारी से 16.4 ओवर में ही 4 विकेट पर 173 रन बनाकर हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम ने एक समय 7.2 ओवर में ही 60 रनों के अंदर 2 विकेट खो दिये थे। बारिश के कारण इंग्लैंड को जीत के लिए 17 ओवर में 168 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। इसके बाद बैंटन ने 33 गेंदों में 54 रन जबकि जोस बटलर ने 39 रन बनाए। ब्रूक ने केवल 12 गेंदों में 36 रन बना दिये। वहीं सैम करन 20 रन बनाकर आउट नहीं हुए।

वहीं इससे पहले श्रीलंका की ओर से ओपनर पथुम निसांका और कामिल मिशरा श्रीलंका को अच्छी शुरुआत दिलाई और टीम का स्कोर 11 ओवर में दो विकेट पर 106 रन पहुंच गया। वहीं पवन रत्नायके ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। निसांका ने 22 गेंदों में 34 रन जबकि कुसल मेंडिस ने 17 गेंदों पर 32 रन बनाये। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट लिए जबकि विल जैक्स, लियाम डॉसन और आदिल रशीद को एक-एक विकेट मिला।

# पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकती है आईसीसी

**–लग सकता है प्रतिबंध, प्रसारकों को नुकसान की भरपाई करनी होगी**

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार और क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपनी अकड़ में भारत के खिलाफ टी20 विश्वकप मैच के बहिष्कार की घोषणा की है। ये घोषणा उसके पतन का कारण भी बन सकती हैं। इससे पहले से ही आर्थिक संकटों में फंसा पीसीबी और अधिक उसमें डूब सकता है। वहीं इस मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भी उसके खिलाफ प्रतिबंध सहित कई और कठोर कदम उठा सकती है। आईसीसी ने पीसीबी के फैसले पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि अगर वो टी20 वर्ल्ड कप में तय कार्यक्रम के मुताबिक नहीं खेला तो उसके खिलाफ कड़े कदम उठाए जाएंगे। अब देखना होगा कि आईसीसी उसके खिलाफ क्या कार्रवाई कर सकता है। इस मामले में आईसीसी पाक टीम को पूरे टूर्नामेंट के लिए प्रतिबंधित कर सकता है। वहीं पीसीबी को मिलने वाला राजस्व रोका जा सकता है। पीसीबी से प्रसारकों को राजस्व नुकसान की भरपाई करने को कहा जा सकता है। इसके अलावा द्विपक्षीय सीरीज पर रोक लगायी जा सकती है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक और आईसीसी रैंकिंग भी घटाई जा सकती है। इसके अलावा पीएसएल में विदेशी खिलाड़ी के खेलने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

पाकिस्तान के आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। इसके अलावा उसे दी जाने वाली सहायता भी रोकी जा सकती है। भारत-पाक टी20 मैच के लिए विज्ञापन की दर 25 लाख से 40 लाख रुपये प्रति 10 सेकेंड के बीच होती है। इससे विज्ञापन राजस्व नुकसान 200 करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है हो पीसीबी से भरने को कहा जाएगा। पाकिस्तान को सबसे अधिक राजस्व पीएसएल से मिलता पर आईसीसी उसमें विदेशी खिलाड़ियों के भाग लेने पर रोक लगा सकती है।

# आईसीसी से बात करने के बाद ही अपनी प्रतिक्रिया देगा बीसीसीआई : राजीव शुक्ला


मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि पाकिस्तान के टी20 विश्ककप में भारत के खिलाफ मुकाबले से हटने के मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से बात करने के बाद ही बोर्ड अपनी प्रतिक्रिया देगा।पाक सरकार के टी20 विश्वकप से हटने की घोषणा के बाद से ही पूर्व क्रिकेटरों ने इस इसपर बयान दिये हैं पर बीसीसीआई ने अभी कोई बयान नहीं दिया है।भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप 2026 का बहुप्रतीक्षित मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाना है।तटस्थ स्थल होने के बाद भी पाक मुकाबले में नहीं खेलना चाहता है जिससे बांग्लादेश के मुद्दे पर विरोध दर्ज करा सके।इससे पहले आईसीसी ने बांग्लादेश को हटाकर स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया है। बांग्लादेश सुरक्षा कारणों की वजह से भारत में कोई मैच नहीं खेलना चाहता था, आईसीसी के समझाने के बावजूद जब बांग्लादेश भारत में खेलने को तैयार नहीं हुआ तो आईसीसी ने उसे बाहर कर दिया।आईसीसी के इस फैसले पर ही अब पाकिस्तान अपनी नाराजगी दिखा रहा है।शुक्ला ने कहा कि बीसीसीआई पाकिस्तान के भारत के खिलाफ विश्व कप 2026 के ग्रुप-स्तर मैच के बहिष्कार के मामले पर आईसीसी से बात करने के बाद ही अपनी प्रतिक्रिया देगा।शुक्ला ने कहा, आईसीसी ने एक बड़ा बयान जारी किया है, उन्होंने खेल भावना के बारे में बात की है। हम आईसीसी से पूरी तरह सहमत हैं।इसीलिए उससे बात करने के बाद ही हम अपना जवाब देंगे ।



# भारतीय टीम के पास टी20 विश्वकप खिताब बरकारार रखने का अच्छा अवसर : हरभजन

मुम्बई (ईएमएस)।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि टी20 विश्वकप में मेजबान भारतीय टीम के पास खिताब बरकरार रखने का अच्छा अवसर है।हरभजन के अनुसार इस बार भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका व अफगानिस्तान की टीमें भी सेमीफाइल में पहुंचेंगी।हरभजन ने हालांकि दो बार की विजेता इंग्लैंड को 2026 इस बार खिताबी दावेदार नहीं माना है। विश्वकप की मेजबानी भारत और श्रीलंका की टीमें संयुक्त रुप से कर रही हैं।हरभजन ने कहा कि इस बार भी भारतीय टीम के पास खिताब बरकरार रखने का अच्छा अवसर है।हरभजन ने कहा, मुझे लगता है कि भारतीय टीम के पास अपनी धरती पर मैच होने के कारण जीतने का सुनहरा मौका है, भरतीय टीम अभी काफी अच्छी है और उसे घरेलू धरती पर प्रशंसकों का भी समर्थन मिलेगा।

# टी20 विश्वकप के लिए फिट हुए तिलक




मुंबई ।भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक अच्छी खबर है।बल्लेबाज तिलक वर्मा टी20 विश्वकप के लिए फिट हो गये है। तिलक को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने खेलने की अनुमति दे दी है।ऐसे में अब वह टी20 विश्व कप से पहले दो अभ्यास मैच खेलकर मुकाबले के लिए लय हासिल करेंगे।तक की कुछ समय पहले ही सर्ज़री हुई थी और इसी का वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से भी बाहर थे।भारतीय टीम को 2026 टी20 विश्व कप के पहले मैच में 7 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में यूएसए से खेलना है।तिलक के न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर होने पर भारतीय टीम ने उनकी जगह पर ईशान किशन को शामिल किया था।ईशान ने सीरीज में जबरदस्त प्रदर्शन किया था। ऐसे में तिलक की वापसी के बाद उन्हें पारी की शुरुआत के लिए भेजा जा सकता है।से में भारत ने लगभग सभी मैचों में नंबर तीन पर इशान किशन को खिलाया। वहीं ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर के भी विश्वकप तक फिट होने की उम्मीद है।भारतीय टीम को 2026 टी20 विश्व कप के लिए ग्रुप ए में है और उसका पहला मुकाबला 7 फरवरी को मुंबई में अमेरिका से होगा।

# पाक कप्तान आगा बोले, भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का फैसला हमारा नहीं, हमें पीसीबी के अनुसार ही चलना होगा

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार और क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का जो फैसला लिया है। उससे पाक प्रशंसक और खिलाड़ी भी सहमत नहीं है। टीम के कप्तान सलमान आगा के बयान से ये साबित होता है। आगा ने कहा है कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी के मैच का बहिष्कार करने का फैसला सरकार का है हमारा नहीं। पाक सरकार ने कहा था कि टीम टूर्नामेंट मे भाग लेगी पर भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेगी। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किये जाने के विरोध में लिया है।

आगा ने कहा है कि टूर्नामेंट में खेलने का फैसला खिलाड़ियों के हाथ में नहीं है। उन्होंने कहा कि टीम को सरकार और क्रिकेट बोर्ड के निर्देशों का पालन करना




होता है और खिलाड़ियों की निजी राय मायने नहीं रखती है। आगा ने यह भी कहा कि पाक टीम टूर्नामेंट के शेष मैच खेलेगी पर भारत के खिलाफ मैच को लेकर निर्देशों का पालन करेगी। सरकार के फैसले पर आगा ने कहा, 'हां, बिल्कुल, हम विश्वकप के लिए जाएंगे पर यह हमारा फैसला नहीं है और हम इसमें अपनी ओर से कुछ भी नहीं कर सकते। सरकार और बोर्ड जो भी निर्देश देगा। हमें उसका पालन करना होगा। जो सरकार कहेगी, वही होगा और हम वैसा ही करेंगे।' दोनो टीमों का मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में रखा गया है। पाकिस्तान, भारत के साथ ही ग्रुप ए में है, जिसमें नामीबिया, नीदरलैंड्स और अमेरिका की टीमें भी शामिल हैं. पाकिस्तान के सभी मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे।

वहीं पाकिस्तान सरकार के इस फैसले पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कड़ी नाराजगी जताते हुए यह साफ किया कि किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इस प्रकार का फैसला स्वीकार नहीं किया जा सकता है। आईसीसी को हालांकि अभी तक पीसीबी ओर से कोई औपचारिक सूचना नहीं मिली है पर आईसीसी ने कहा कि तय हो चुके मैच को छोड़ना किसी भी टूर्नामेंट के सिद्धांतों के खिलाफ है। साथ ही कहा कि इसका प्रभाव लंबे समय तक पड़ेगा। आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी इससे पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए अपनी फैसले पर फिर विवार करेगा। आईसीसी इस मामले में पाक कार्रवाई कर सकता है। वह विदेशी खिलाड़ियों के पाक ममें पीएसएल में खेलने पर रोक तक लगा सकता है। इसके अलावा पाकिस्तान को आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार भी नहीं मिलेगा।

# सचिन ने ऑस्ट्रेलियन विजेता अल्काराज को बधाई दी, धैर्य नहीं खोने के कारण बने विजेता

मुम्बई ।महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों में भी रुचि लेते हैं और समय-समय पर उनके स्टार खिलाड़ियों की भी प्रशंसा करते रहे हैं।इसी कड़ी में अब सचिन ने अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले स्पेन के कार्लोस अल्काराज को बधाई दी है।तेंदुलकर ने पूरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अल्काराज के संयमित खेल को धैर्य की तारीफ की। तेंदुलकर ने साशेल मीडिया में लिखा, इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक ध्यान देने योग्य बात ये थी कि अल्काराज ने अभी भी अपना धैर्य नहीं खोया।वह लंबी रैलियों में भी शांत रहे जिससे उनके विरोध खिलाड़ी पर दबाव बना रहा।उन्होंने समझदारी से अपने अवसर तलाशे।जिस तरह से उन्होंने कोर्ट में फुर्ती दिखायी उसकी हम सभी प्रशंसा करते हैं।

# अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी शेल्टन ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हार के बाद भी निराश नहीं, भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें



मेलबर्न (एजेंसी)। अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ऑस्ट्रेलियाई ओपन में इटली के जैनिक सिनर के खिलाफ हार के बाद भले ही खिताबी मुकाबले से बाहर हो गये हैं पर उनका मनोबल कम नहीं हुआ है।शेल्टन का कहना है कि उसे सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा है पर इसके बाद भी सकारात्मक बात ये है कि उसके खेल में काफी सुधार भी हुआ है और अब वह भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की तैयार करेगा। आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन इस टूर्नामेंट में क्वार्टरफाइनल तक के सफर में केवल एक सेट हारे हैं।शेल्टन ने साफ कहा कि उनके खेल में सुधार हुआ है।अब वह अपने को पहले से कहीं ज्यादा संतुलित खिलाड़ी मानते हैं।शेल्टन का मानना है कि आने वाले समय में उन्हें आगे बढ़ने के लिए केवल एक जीत की ही जरुरत है।शेल्टन ने यह भी कहा कि ग्रैंड स्लैम के दबाव में खेलने केअनुभव से उन्हें सबसे ज्यादा उत्साह मिलता है।उनके अनुसार बड़े मंच पर मुकाबला करने के कारण उनहें लगातार बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है।शेल्टन ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खेला था।इसके बाद से ही तीन एटीपी खिताब जीते हैं।वह एटीपी रैंकिंग में टॉप-5 में भी पहुंचे हैं।उन्होंने कहा कि सिनर के खिलाफ कई बार वह अच्छी स्थित में पहुंचे थे पर वह ब्रेक अंक का लाभ नहीं उठाने के कारण सफल नहीं हुए।

# पीडब्ल्यूएल 2026: हरियाणा थंडर ने रोमांचक फाइनल में दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराया

**नोएडा (एजेंसी)।** हरियाणा थंडर रविवार को नोएडा इंडोर स्टेडियम में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ फाइनल में आखिरी बाउट तक चले मैच के बाद प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 का चैंपियन बन गया।

आठ बाउट के बाद स्कोर 4-4 से बराबर था, नतीजा आखिरी महिलाओं की 62 किलोग्राम बाउट पर निर्भर था, जिसमें पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट इरीना कोलियाडेन्को ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी शानदार टेक्निकल जीत ने हरियाणा थंडर को 5-4 से जीत दिलाई और पीडब्ल्यूएल 2026 का खिताब दिलाया, जो लीग के इतिहास के सबसे नाटकीय फाइनल में से एक था।

हरियाणा थंडर पीडब्ल्यूएल 2026 ट्रॉफी के साथ 1.5 करोड़ रुपये की इनामी राशि घर ले जाएगा। रनर-अप, दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 75 लाख रुपये मिलेंगे। व्यक्तिगत पुरस्कारों में, दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव ने 57 किलोग्राम पुरुष वर्ग में सभी 7 बाउट जीतकर और पीडब्ल्यूएल 2026 में कुल 59 अंक हासिल करके 2.5 लाख रुपये का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' खिताब जीता। पंजाब रॉयल्स के चंदरमोहन टूर्नामेंट के टॉप पॉइंट स्कोरर थे।

नेहा सांगवान (हरियाणा थंडर) को आखिरी बाउट तक फाइनल को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए 'प्लेयर ऑफद मैच' का पुरस्कार मिला। रौनक (दिल्ली दंगल वॉरियर्स) को पुरुष 125 किलोग्राम वर्ग में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए 'फाइटर ऑफद मैच' का सम्मान मिला। 'इंपैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच' अक्षय धेरे (हरियाणा थंडर) थे, जिन्हें 57 किलोग्राम पुरुष वर्ग में उनके मजबूत प्रदर्शन के लिए पहचाना गया।

चैंपियनशिप की रात दिल्ली ने बढ़त के साथ शुरू की, जब अजेय तुरान बायरामोव ने 74 किलोग्राम पुरुष बाउट जीती, जल्दी ही शुरुआती बढ़त बनाई और 8-1 से जीत हासिल करने के लिए नियंत्रण बनाए रखा। हरियाणा ने 76 किलोग्राम महिला वर्ग में तुरंत जवाब दिया, जहां अंडर20 विश्व चैंपियन काजल धोचक ने यूरोपीय चैंपियन अनास्तासिया अल्पीयेवा को 3-1 से हराकर स्कोर बराबर कर दिया।

65 किलोग्राम पुरुषों के मैच में मोमेंटम तब बदला जब दिल्ली के कप्तान सुजीत कल्कल ने शानदार वापसी करते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप के सिल्वर मेडलिस्ट तुमुर ओचिर तुलगा को 8-6 से हरा दिया। हरियाणा ने तुरंत अपनी स्टार और कई बार की वर्ल्ड चैंपियन यूई सुसाकी के साथ जवाब दिया, जिन्होंने सारिका पर शानदार टेक्निकल जीत हासिल करके अपना कौशल दिखाया और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

86 किलोग्राम पुरुषों के मैच में दिल्ली ने फिर से बढ़त बना ली, जब एशियन चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट वफाईपुर हादी बख्तियार ने अशिरोव अशरफ को 11-0 से हरा दिया। हरियाणा ने जोरदार जवाब दिया, जिसमें अक्षय धेरे ने 57 किलोग्राम पुरुषों के इवेंट में दिल्ली के अमित कुमार को टेक्निकल सुपीरियरिटी से हरा दिया।

हेवीवेट मैच निर्णायक था, जिसमें रौनक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनिरुद्ध गुलिया को 12-2 से हराया, जिससे दिल्ली को 4-3 की




बढ़त मिली। हरियाणा ने हार नहीं मानी, और नेहा सांगवान ने 57 किलोग्राम महिलाओं के मुकाबले में अंजलि को पिन करके मैच को जारी रखा, जिससे स्कोर 4-4 से बराबर हो गया।

चैंपियनशिप दांव पर लगी थी, और इरीना कोलियाडेन्को ने महत्वपूर्ण 62 किलोग्राम महिलाओं के मैच में कदम रखा। अपने अनुभव और शांत स्वभाव का फायदा उठाते हुए, पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट ने लगातार टर्न-एंड-एक्सपोजर मूव्स से अंजलि को हराया और 16-0 से टेक्निकल जीत हासिल की। इस जीत ने उन्हें हरियाणा थंडरर्स के लिए खिताब दिलाया।

# भारत में मिले अनुभवों का लाभ टी20 विश्वकप में मिलेगा : सैंटनर

तिरुवनंतपुरम ।न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य टी20 विश्व कप में जीत के इरादे से उतरना होगा।इसके लिए उनकी टीम पांच मैचों की टी20 सीरीज में मिले अनुभवों का लाभ उठाएगी।सैंटनर के अनुसार उनकी टीम भारत में अपने पिछले अनुभवों और विभिन्न हालातोंसे तालमेल बिठाने की क्षमता के आधार पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का प्रयास करेगी । कीवी टीम को विश्कप में अफगानिस्तान, यूएई, दक्षिण अफ्रीका और कनाडा के साथ ग्रुप बी में रखा गया है।वह ग्रुप चरण के तीन मैच चेन्नई में और एक मैच अहमदाबाद में खेलेगा।इनमें से उसके दो मैच सुबह 11 बजे शुरू होंगे, जबकि अन्य मैच दोपहर तीन बजे और शाम सात बजे शुरू होंगे।सैंटनर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने हाल में आईपीएल में या अपने करियर के दौरान चेन्नई में मैच खेले हैं। जिसका लाभ उन्हें मिलेगा मुझे लगता है कि पिछले कुछ साल में यह देखा गया है कि चेन्नई की पिच काफी अच्छी है।सैंटनर ने कहा कि न्यूजीलैंड के पास इस चुनौती का सामना करने के लिए अनुभवी खिलाड़ी हैं।उन्होंने कहा, दिन का खेल थोड़ा अलग होने वाला है।खिलाड़ियों को अपने रुटीन में बदलाव करना होगा।उन्हें सुबह जल्दी उठकर अभ्यास करना होगा।हम लाल मिट्टी की पिच पर एक मैच खेलने के लिए अहमदाबाद जाएंगे और फिर हम काली मिट्टी की पिच पर खेलने के लिए चेन्नई जाएंगे।इसलिए यह मैदान कुछ अलग होगा।सैंटनर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारी टीम को अलग-अलग तरह के हालातों के अनुसार अपने को ढालना होगा।चेन्नई में हम तीन मैच खेलेंगे और वहां की पिच अहमदाबाद की की पिच की तुलना में अलग रहेगी जिसके अनुसार हमें ढ़लना होगा।

# बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा के लिए बनेगी उच्च स्तरीय समिति

**- कॉरपोरेट एंट्री और एफडीआई जैसे मुद्दों पर फिर से हो सकता है विचार**

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय बजट में बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव किया गया है। इस समिति का उद्देश्य वित्तीय स्थिरता, वित्तीय समावेशन और ग्राहक संरक्षण को बनाए रखते हुए बैंकिंग सेक्टर को भारत के विकास के अगले चरण से जोड़ना है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल बैंकिंग से जुड़े कई लंबे समय से लंबित और संवेदनशील मुद्दों पर फिर से विचार का अवसर दे सकती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि समिति के कार्यक्षेत्र को तय किया जाएगा और उससे अपेक्षा है कि वह बैंकिंग सेक्टर की समग्र समीक्षा कर 2047 के लिए मजबूत योजना सुझाए। वित्तीय सेवा विभाग के अनुसार समिति वाणिज्यिक ऋण और जीडीपी के अनुपात, बैंकिंग नेटवर्क के विस्तार, जमा और ऋण से जुड़े पहलुओं जैसे मुद्दों पर विचार करेगी। सरकार सभी हितधारकों से परामर्श के बाद आगे की दिशा तय करेगी। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि समिति कॉरपोरेट घरानों को बैंकिंग क्षेत्र में प्रवेश देने के मुद्दे पर पुनर्विचार कर सकती है। अब तक इस विषय पर सख्त नियमन रहा है। इसके अलावा, बड़े शेयरधारकों के वोटिंग अधिकार की मौजूदा 26 प्रतिशत सीमा, बैंकिंग प्रणाली में अधिक पूंजी निवेश और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने जैसे मुद्दे भी चर्चा में आ सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाने और सीमित दायरे में काम कर रहे छोटे बैंकों के विलय से बड़े और मजबूत बैंक बनाने पर भी विचार संभव है। नियोस्ट्रैट एडवाइजर्स एलएलपी के संस्थापक अबीजर दीवानजी के अनुसार भारत को बड़े बैंकों की आवश्यकता है और इसके लिए घरेलू व विदेशी दोनों स्रोतों से पूंजी जुटाना जरूरी है।

# केंद्रीय बजट 2026: निवेश सुधार के संकेत, पर सरकार के हस्तक्षेप पर सतर्कता

**नई दिल्ली ।** भारत की अर्थव्यवस्था वर्तमान में परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। दिसंबर 2025 तिमाही में 677 सूचीबद्ध गैर-आर्थिक कंपनियों के आंकड़ों के अनुसार, सालाना नॉमिनल वृद्धि 7.67 फीसदी रही, जबकि वास्तविक आधार पर वृद्धि दर 6 फीसदी रही। सीएमआईई के डेटा से पता चलता है कि निजी निवेश परियोजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार हुआ है, लेकिन यह कंपनियों के निवेश व्यय में अभी पूरी तरह परिलक्षित नहीं हुआ। वैश्विक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। स्वेज नहर अवरुद्ध होने के कारण मुंबई से यूरोप तक माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है। वहीं अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी शुल्क ने भारतीय कंपनियों को वैश्विक व्यापार में संरचना बदलने पर मजबूर कर दिया है। इससे होल्डिंग कंपनियों, उत्पादन संयंत्रों और उपभोक्ताओं को असर पड़ा है। केंद्रीय बजट सिर्फ सरकारी खर्च और राजस्व का विवरण नहीं है, बल्कि यह सरकार की नीतिगत प्रतिबद्धताओं का संकेत भी है, जैसे जीएसटी, मुद्रास्फीति नियंत्रण और आईबीसी जैसी पहल बजट भाषणों से शुरू हुई थीं। हाल के महीनों में कुछ महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों पर चर्चा हुई है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार का हस्तक्षेप उद्योगों को कक्षा की मॉनिट की तरह नियंत्रित करने जैसा दिखता है। यह दृष्टिकोण 1980 के दशक के समाजवादी नीतिगत अनुभवों से मेल खाता है।

# भारतीय बाजार पर मॉर्गन स्टेनली की मजबूत राय




**- सरकार ने जानबूझकर सुधारों की रफ्तार धीमी रखी**

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय बजट 2027 ने बाजार और निवेशकों को एक साफ संदेश दिया है कि सरकार न तो अचानक खर्च में कटौती करने के मूड में है और न ही कर्ज को नजरअंदाज कर रही है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक यह बजट कर्ज घटाने, घाटे को काबू में रखने और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के बीच संतुलन बनाता है। रिपोर्ट के अनुसार सरकार ने जानबूझकर वित्तीय सुधारों की गति को आक्रामक नहीं बनाया है, ताकि अर्थव्यवस्था की रफ्तार बनी रहे। वित्त वर्ष 27 के लिए वित्तीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी अनुपात 55.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मॉर्गन स्टेनली का मानना है कि ये आंकड़े चिंताजनक नहीं हैं और सरकार ने फिस्कल गणित सोच-समझकर तैयार किया है। ब्रोकरेज ने बजट भाषण की शुरुआत में सेमीकंडक्टर जैसे शब्द के इस्तेमाल को सरकार की बदलती प्राथमिकताओं का संकेत बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए सेमीकंडक्टर मिशन आईएसएम 2.0, रेयर अर्थ मैग्नेट और पुराने औद्योगिक क्षेत्रों को मजबूत करने पर खास जोर दिया गया है।

सेवाओं के क्षेत्र को भी बजट में अहम जगह दी गई है। डेटा सेंटर्स को टैक्स में राहत दी गई है और 2047 तक वैश्विक सेवाओं के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

इससे आईटी, डिजिटल और टेक्नोलॉजी सेक्टर को लंबी अवधि में फायदा मिलने की उम्मीद है।

# **डॉलर को टक्कर:** जिनपिंग ने युआन को इंटरनेशनल रिजर्व बनाने का दिया संकेत



**बीजिंग।**

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी डॉलर के वैश्विक प्रभुत्व को सीधे चुनौती दी है और युआन को ÷मजबूत करेंसी÷ बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि युआन को इतना मजबूत बनाया जाए कि अन्य देश इसे अपने अंतरराष्ट्रीय रिजर्व के रूप में रखें। फिलहाल यह दर्जा अमेरिकी डॉलर को हासिल है, और जिनपिंग के बयान को डॉलर की बादशाहत को चुनौती माना जा रहा है।

अमेरिका और चीन, दुनिया की पहली और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा और आर्थिक प्रभुत्व के मामले में टकराव की स्थिति में हैं। चीन अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए इंटरनेशनल ट्रेड में युआन का उपयोग बढ़ा रहा है। पिछले साल उसने अपने 6.2 ट्रिलियन डॉलर के विदेशी व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा युआन में निपटाया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शी जिनपिंग ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के सैद्धांतिक जर्नल किउशी में प्रकाशित एक लेख में कहा कि चीन को ऐसी मजबूत मुद्रा बनाने की जरूरत है जिसका बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार, निवेश और फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में इस्तेमाल किया जा सके और जो वैश्विक रिजर्व का दर्जा हासिल कर सके।

उन्होंने इस पर भी जोर दिया कि आर्थिक रूप से मजबूत देश की नींव में केवल मजबूत मुद्रा ही नहीं, बल्कि आधुनिक वित्तीय प्रणाली, शक्तिशाली केंद्रीय बैंक, मजबूत वित्तीय संस्थान, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र, कड़ी निगरानी और उच्च स्तरीय वित्तीय टैलेंट शामिल होना चाहिए। जिनपिंग ने कहा कि चीन का वित्तीय विकास पश्चिमी मॉडल से अलग अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों और विशेषताओं पर आधारित होना चाहिए।

# जिंस की लागत बढ़ने से कीमतों में बढ़ोतरी पर विचार किया जाएगा: मारुति सुजुकी

**- कंपनी ने कहा, जीएसटी दरों में कटौती के बाद बाजार में मजबूत बनी हुई है मांग**

**नई दिल्ली ।**

मारुति सुजुकी इंडिया के एक वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने सोमवार को संकेत दिया कि कच्चे माल और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण कंपनी अपने वाहनों की कीमतों में संभावित वृद्धि पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी हमेशा ग्राहकों पर लागत का बोझ कम से कम रखने का प्रयास करती रही है। हालांकि, एक सीमा के बाद लागत बढ़ोतरी को ग्राहकों पर स्थानांतरित करना आवश्यक हो सकता है। उन्होंने बताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती के बाद बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है। सितंबर 2025 में जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद कंपनी ने एस-प्रेसो, ऑल्टो, सेलेरियो और वैगन-आर की कीमतों में 79,600 रुपये से 1,29,600 रुपये तक की कटौती की थी। कंपनी के पास वर्तमान में 1.75 लाख लंबित ऑर्डर हैं, जबकि जनवरी में 2.78 लाख नई बुकिंग मिली, जो सालाना आधार पर 25 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है। रोजाना लगभग 9,000 से 10,000 बुकिंग हो रही हैं। जनवरी में कुल बिक्री 2,36,963 इकाई दर्ज की गई, जबकि निर्यात 51,020 इकाई तक पहुंचकर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। मारुति की नई एसयूवी विक्टोरिस ने पांच महीने में 50,000 इकाई की बिक्री पार कर ली है। हरियाणा के खरखौदा संयंत्र को अप्रैल 2026 तक परिचालन में लाया जाएगा। इसके बाद गुजरात संयंत्र में चौथी उत्पादन लाइन शुरू होगी, जिससे सालाना पांच लाख इकाई की अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध होगी। इस महीने घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक एसयूवी 'ई-विटारा' भी लॉन्च होगी।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की जनवरी में बिक्री 15 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली ।** वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की जनवरी में कुल बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 33,880 इकाई हो गई। जनवरी 2025 में यह 29,371 इकाई रही थी। मोटर वाहन कंपनी ने बयान में कहा कि घरेलू बिक्री जनवरी 2025 की 26,178 इकाई के मुकाबले 17 प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने 30,630 इकाई हो गई।वहीं निर्यात भी दो प्रतिशत बढ़कर 3,250 इकाई रहा जो एक साल पहले इसी महीने 3,193 इकाई रहा था। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के एक कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत सकारात्मक और उत्साहजनक रही है। हमारे उत्पाद खंड की निरंतर मजबूती व गुणवत्ता के साथ ही सुरक्षा एवं स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर ग्राहकों के विश्वास से यह गति बनी हुई है।

## भारत का बजट आर्थिक स्थिरता और वृद्धि पर केंद्रित: फिच रेटिंग्स




**भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान**


**नई दिल्ली ।** फिच रेटिंग्स ने कहा कि भारत का बजट सरकार की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बजट में सरकारी कर्ज को धीरे-धीरे कम करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे वित्तीय स्थिति मजबूत बनी रहे। बजट में बड़े सुधारों की घोषणा नहीं की गई, लेकिन फिच ने आगे सुधारों की उम्मीद जताई, खासकर विनियमन में ढील देने के संदर्भ में। पूंजीगत व्यय को 2026-27 में जीडीपी का 3.1 फीसदी बनाए रखने का निर्णय निजी निवेश को प्रोत्साहित करने और आर्थिक वृद्धि को मजबूत करने की दिशा में कदम है। फिच ने कहा कि राजकोषीय समेकन की गति धीमी रहेगी। 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 फीसदी रखा गया है, जो पिछले वर्ष 4.4 फीसदी से थोड़ा कम है। फिच ने 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया। एजेंसी ने यह भी कहा कि सुधारों की गति तेज होने से निजी निवेश बढ़ेगा और भारत की संभावित आर्थिक वृद्धि और मजबूत होगी।

## एयरबस को भारतीय संचालक से तीन हेलीकॉप्टर का मिला ठेका

**नई दिल्ली ।** एयरबस को एक भारतीय संचालक से तीन हेलीकॉप्टर का ठेका मिला है। एयरबस ने कहा कि एयरबस कॉरपोरेट हेलीकॉप्टर्स को दिए गए ठेके में दो एसीएच160 और एक एच175 हेलीकॉप्टर शामिल हैं। यह संचालक पहले से एसीएच160 का ग्राहक है और भारत का पहला एच175 ग्राहक बनेगा। संचालक का नाम और सौदे से जुड़े वित्तीय विवरण कंपनी ने हालांकि साझा नहीं किए। कंपनी के अनुसार, एच175 हेलीकॉप्टर 16 सीट वाला होगा और इसकी आपूर्ति इसी साल की जाएगी। वहीं दो एसीएच160 हेलीकॉप्टर की आपूर्ति 2027 में की जाएगी।

## यूपीआई और डेबिट कार्ड लेनदेन बढ़ाने 2,000 करोड़ का प्रोत्साहन आवंटित

**वित्त वर्ष 2026 के लिए अंतिम आवंटन 2,196.21 करोड़ रुपए था**




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आम बजट में कम मूल्य वाले यूपीआई पी2एम और रुपे डेबिट कार्ड लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए 2,000 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि आवंटित की है। इन लेनदेन पर शून्य मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) जारी रहेगी, ताकि छोटे व्यापारी डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रोत्साहित हों। वित्त वर्ष 2026 के लिए अंतिम आवंटन 2,196.21 करोड़ रुपए था, जो बजट में प्रस्तावित 437 करोड़ रुपए की राशि से लगभग पांच गुना अधिक है। भुगतान उद्योग का मानना है कि यूपीआई और डेबिट कार्ड प्रणाली के विकास और स्थिरता के लिए कम से कम 10,000-15,000 करोड़ की आवश्यकता थी। इसलिए, सरकार द्वारा आवंटित राशि अपेक्षित प्रोत्साहन का केवल लगभग एक-पांचवां है। पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रमुख अे धिकारी ने सुझाव दिया कि छोटे व्यापारियों के लिए शून्य एमडीआर जारी रखा जाए, जबकि बड़े व्यापारियों (20 लाख से ज्यादा वार्षिक कारोबार) पर 30 बेसिस प्वाइंट एमडीआर लागू की जा सकती है। उनका कहना है कि बड़े व्यापारी पहले ही क्रेडिट कार्ड पर 2 फीसदी शुल्क दे रहे हैं, इसलिए उन्हें करदाताओं के पैसे से प्रोत्साहित करने की आवश्यकता नहीं। साल 2025 में यूपीआई ने 228.28 अरब लेनदेन दर्ज किए। उद्योग का अनुमान है कि अगले एक दशक में हर महीने 100 अरब यूपीआई लेनदेन किए जा सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि यूपीआई भारत में सबसे पसंदीदा भुगतान विकल्प बना रहेगा।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 943, निफ्टी 262 अंक बढ़ा**

**मुंबई ।**





भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 943.52 अंक उछलकर 81,666.46 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 262.95 अंक बढ़कर 25,088.40 पर बंद हुआ। आज इन्फ्रा और ऑटो शेयरों के कारण बाजार में उछला आया। निफ्टी इन्फ्रा , निफ्टी ऑटो, निफ्टी पीएसई, निफ्टी पीएसई , निफ्टी ऑयलएंडगैस , निफ्टी मेटल और निफ्टी कमोडिटीज के शेयरों में तेजी रही। आज केवल निफ्टी आईटी और निफ्टी हेल्थकेयर के शेयरों में गिरावट रही। लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 546.80 अंक बढ़कर के 57,667.60 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 105.20 अंक ऊपर आकर 16,523.35 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, बीईएल, एमएंडएम, एलएंडटी, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर लाभ में रहे जबकि एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, टीसीएस, ट्रेंट, के शेयर नुकसान में रहे थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत कमजोर रही। शुरुआती दबाव के चलते सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में खुले।। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 167 अंक की गिरावट के साथ 80,555.68 पर खुला था। वहीं निफ्टी 50 ने भी करीब 30 अंक टूटकर 24,796.50 पर कारोबार की शुरुआत की। वहीं वैश्विक बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में सुबह शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख देखने को मिला। इस दौरान सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही और शुक्रवार की कमजोरी आगे बढ़ती दिखी। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.01 फीसदी की बढ़त पर था, जापान का निक्केई 0.75 फीसदी ऊपर आया जबकि हॉन्गकॉन्ग का हैंग सेंग 1.34 फीसदीऔर दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.63 फीसदी टूट चुका था। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए।

## जनवरी में देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि में मामूली सुधार हुआ: पीएमआई

**- नए ऑर्डर, उत्पादन और रोजगार में वृद्धि के कारण विनिर्माण क्षेत्र में आई तेजी**





**नई दिल्ली ।** एचएसबीसी इंडिया के मासिक सर्वेक्षण में जनवरी में विनिर्माण गतिविधियों में सुधार देखा गया। मौसमी रूप से समायोजित पीएमआई 55.4 पर पहुंचा, जो दिसंबर के 55 से थोड़ा ऊपर है। पीएमआई में 50 से ऊपर का अंक विस्तार और 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। सर्वेक्षण के अनुसार नए ऑर्डर, उत्पादन और रोजगार में वृद्धि के कारण विनिर्माण क्षेत्र में गति बनी। सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने बताया कि घरेलू बाजार से कुल बिक्री में मुख्य योगदान मिला। हालांकि निर्यात ऑर्डर में भी वृद्धि हुई, लेकिन इसकी रफ्तार अपेक्षाकृत कम रही। जिन कंपनियों के निर्यात ऑर्डर बढ़े, उन्होंने एशिया, ऑस्ट्रेलिया कनाडा, यूरोप और पश्चिम एशिया से मांग में इजाफा बताया। जनवरी में वस्तु उत्पादक कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती जारी रखी। रोजगार सृजन की गति मामूली रही, लेकिन पिछले तीन महीनों में सबसे तेज रही। सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि नई तकनीक और निवेश ने उत्पादन को समर्थन दिया। कच्चे माल की कीमतें चार महीनों के उच्चतम स्तर तक बढ़ीं, जबकि फैक्ट्री-गेट कीमतों में वृद्धि धीमी रही। इससे विनिर्माताओं के मुनाफे पर हल्का दबाव पड़ा। हालांकि नए ऑर्डर में तेजी आई, भविष्य के उत्पादन के प्रति कारोबारी विश्वास साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर रहा। केवल 15 फीसदी कंपनियों ने उत्पादन बढ़ने की उम्मीद जताई, जबकि 83 फीसदी ने बदलाव की कोई संभावना नहीं बताई।

# बजट में बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक निवेश को केंद्र में रखा गया


**- बुनियादी ढांचे पर 12.21 लाख करोड़ रुपए का दांव**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय बजट 2026-27 में सरकार ने सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को 12.21 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है, जो कुल बजट 53.47 लाख करोड़ रुपये का लगभग 22 प्रतिशत है। यह 2025-26 के संशोधित अनुमान 10.95 लाख करोड़ रुपये से 11.5 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बताया कि 2014-15 में 2 लाख करोड़ रुपये से शुरू हुआ सार्वजनिक पूंजीगत व्यय अब लगातार बढ़कर 12.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सड़कें, राजमार्ग और रेलवे जैसे प्रमुख क्षेत्र इस निवेश का बड़ा हिस्सा संभालते हैं। रेलवे मंत्रालय के लिए राजस्व व्यय 2.92 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जबकि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के लिए 3.09 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दोनों क्षेत्रों में क्रमशः 10 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बजट में उच्च मूल्य वाले निर्माण और बुनियादी ढांचा उपकरण के घरेलू उत्पादन, 200 पुराने औद्योगिक समूहों में उन्नयन, और 5 लाख से अधिक आबादी वाले मझोले और छोटे शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास की योजनाएँ शामिल हैं। सरकार ने निवेश बढ़ाने के लिए इनविट्स, रिट्स, एनआईआईएफ और एनएबीएफआईडी जैसी नई फंडिंग योजनाओं को भी आगे बढ़ाया है। परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए आयात पर सीमा शुल्क छूट 2035 तक बढ़ाई गई है। इसके अलावा, सीसीयूएस प्रौद्योगिकियों के



विकास के लिए 20,000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित किया गया है। बैटरी ऊर्जा भंडारण और कार्बन कैप्चर जैसे क्षेत्रों में भी सार्वजनिक निवेश पर जोर दिया गया है। बजट 2026-27 स्पष्ट रूप से यह संदेश देता है कि भारत सरकार सार्वजनिक निवेश और बुनियादी ढांचे को आर्थिक वृद्धि का प्रमुख स्तंभ मानती है। इसका उद्देश्य दीर्घकालिक विकास, रोजगार सृजन और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देना है।

## बजाज आटो मुनाफा 25 फीसदी बढ़कर 2,749 करोड़ हुआ




**नई दिल्ली ।** बजाज ऑटो ने तीसरी तिमाही में निवेशकों को संतोषजनक नतीजे दिए हैं। कंपनी का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 25 फीसदी बढ़कर 2,749 करोड़ रुपए हो गया, जबकि कुल आय 23 फीसदी बढ़कर 16,204 करोड़ रुपए पहुंच गई। नतीजों ने निवेशकों के भरोसे को मजबूत किया है। तीसरी तिमाही में कंपनी के एक्सपोर्ट कारोबार में जबरदस्त सुधार देखने को मिला। 15 तिमाहियों के बाद पहली बार बजाज ऑटो ने 6 लाख से अधिक गाड़ियां निर्यात कीं। निर्यात से कंपनी को 544 करोड़ रुपए की कमाई हुई और कुल निर्यात बिक्री में 15-20 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बाजार के जानकारों का मानना है कि एक्सपोर्ट में रिकवरी और चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री कंपनी के लिए सकारात्मक संकेत हैं। हालांकि ब्रोकरेज ने घरेलू मोटरसाइकिल बाजार में कंपनी की घटती हिस्सेदारी को चिंता का विषय बताया है, खासकर 125सीसी और उससे ऊपर के सेगमेंट में। उन्होंने नेचुरल रेटिंग के साथ 9,416 का टारगेट प्राइस दिया है।

# रीटा फरेरा के किरदार से खुद को कैसे जोड़ती हैं भूमि?




**भूमि पेडनेकर की नई सीरीज 'दलदल' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ चुकी है। इस बार अभिनेत्री एक डीसीपी के रूप में क्राइम से लड़ती नजर आएंगी। इस इंटरव्यू में भूमि ने दलदल की कहानी में दिखाए गए समाजिक मुद्दों समेत इस सीरीज में अपने किरदार और उसके पीछे की गंभीरता के बारे में भी चर्चा की। बातचीत में भूमि ने यह भी बताया कि किस तरह वो अपने किरदार के साथ रिलेट करतीं हैं।**

### क्यों अलग है 'दलदल' सीरीज?

भूमि पेडनेकर ने इस इंटरव्यू में 'दलदल' के बारे में बात करते हुए कहा, इस शो का अनुभव वैसा ही है जैसे आप किसी चीज में फंसते चले जा रहे हों वही घुटन, वही बेचैनी, वही क्लॉस्ट्रोफोबिक सी फीलिंग। मेरा किरदार उस भावना को बहुत अच्छी तरह समझाता है। हालांकि शो में एक तरह की डार्कनेस है लेकिन इसके साथ ही हल्कापन भी है। यह एक बहुत इंटेलिजेंट और मनोवैज्ञानिक क्राइम ड्रामा है। इस जॉनर में कई शो आए हैं लेकिन फूली फील्स की राइटिंग इसमें एक अलगपन लेकर आती है।

### किन मायनों में अलग है रीटा फरेरा का किरदार?

'दलदल' में अपने किरदार डीसीपी रीटा फरेरा के बारे में भूमि ने कई बातें बताईं। भूमि ने कहा, रीटा अपने काम के प्रति बेहद ईमानदार है, लेकिन वर्दी में और वर्दी के बाहर उसका व्यक्तित्व बिल्कुल अलग दिखता है। उसके भीतर गहरी डार्कनेस है, बहुत सा ट्रॉमा है जिससे वह पूरी तरह बाहर नहीं आ पाई।




यही इस शो की जड़ है कि हम सब अपने बचपन के घावों को ठीक से संभाल नहीं पाते हैं। इसी कमी ने उसे हर तरह की खुशी से दूर कर दिया। उसके अंदर गुस्सा भी है, हिंसा भी है और उतनी ही गहरी संवेदनशीलता भी। यही उसका दलदल है और यही वह जाल है जिसमें इस शो का हर किरदार अपने अपने तरीके से फंसा हुआ है।

### रीटा के व्यक्तिव से समानता महसूस करती हूं

भूमि पेडनेकर ने अमर उजाला को दिए इस इंटरव्यू में अपने और रीटा फरेरा के बारे में बताया, मैं यानी भूमि खुद को रीटा से जिस एक चीज के जरिए जोड़ पाती हूं वह है काम के प्रति उसकी ईमानदारी। रीटा की तरह मेरे अंदर भी अपने काम को लेकर गहरी सच्चाई है। मैं हमेशा कोशिश करती हूं कि अपने किरदार को जितनी ईमानदारी और सच्चाई से निभा सकूं निभाऊं। शायद यही वह जगह है जहां मैं और रीटा एक दूसरे से मिलते हैं। उसकी तरह मैं भी अपने काम में पूरी तरह डूब जाती हूं।



# कोहरा 2 में अपने किरदार को लेकर बोले बरुन सोबती


**दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाली वेब सीरीज कोहरा का दूसरा सीजन जल्द ही रिलीज होने जा रहा है। पहली सीरीज की कहानी, रहस्य और रहस्यमयी वातावरण दर्शकों को इतना पसंद आया कि इसके दूसरे सीजन का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था।**

इस बार की कहानी में रहस्य और मामले पहले से भी ज्यादा जटिल होंगे। इस बार भी अभिनेता बरुन सोबती अपने पहले वाले किरदार अमरपाल गारुडी के रूप में नजर आएंगे। सीरीज में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए बरुन ने कहा, इस सीजन में गारुडी पहले से ज्यादा सतर्क है। वह हर कदम पर सोच-विचार करता है और अपने फैसलों और विकल्पों का लगातार मूल्यांकन करता है। गारुडी इस बार नए सिरे से जीवन शुरू करना चाहता है, लेकिन कोहरा की दुनिया में बीते समय और पुराने अनुभव उसे पीछे नहीं छोड़ते। रहस्य इस बार और गहरा है और केस की जटिलता उसकी मानसिक स्थिति और फैसलों में भी दिखती है। बरुन ने कहा, इस सीजन ने मुझे अभिनेता के रूप में नई चुनौतियां दी हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस कहानी में गहराई से जुड़ेंगे। कोहरा 2 की कहानी इस बार जगराना से आगे बढ़ते हुए दलेरपुरा पहुंचती है, जहां माहौल पहले से ज्यादा गंभीर और रहस्यमयी है। एएसआई अमरपाल गारुडी का तबादला दलेरपुरा पुलिस स्टेशन में हो जाता है और यहीं से कहानी एक नया मोड़ लेती है।

इस सीजन का सबसे बड़ा आकर्षण मोना सिंह हैं, जो गारुडी की नई कमांडिंग ऑफिसर धनवंत कौर की भूमिका निभा रही हैं। दोनों का काम करने का तरीका अलग है, सोच अलग है, लेकिन लक्ष्य एक ही है, सच तक पहुंचना। जैसे-जैसे वे एक हत्या के मामले की परतें खोलते हैं, वैसे-वैसे उनके अपने अतीत से जुड़े कई दबे हुए राज भी सामने आने लगते हैं। पंजाब की पृष्ठभूमि में बुनी गई यह कहानी धीमी रफ्तार में आगे बढ़ती है, लेकिन हर मोड़ पर असर छोड़ती है। यह सीजन 11 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



# फिल्म में दिखेंगी एक नई दीपिका



'जवान' फेम निर्देशक एटली इन दिनों अल्लू अर्जुन के साथ अपनी आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म का टाइटल तय नहीं है। बड़े स्तर पर बन रही इस फिल्म में दीपिका पादुकोण भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। अब एटली ने फिल्म को लेकर बात की है। बातचीत के दौरान एटली ने इस फिल्म को लेकर बताया कि टीम फिल्म पर काफी मेहनत कर रही है। इसके बारे में बात करने के लिए उतनी ही उत्साहित है, लेकिन सही समय का इंतजार कर रही है। हर दिन हमें कुछ न कुछ नया पता चल रहा है। मुझे पता है कि हर कोई फिल्म के बारे में सुनना चाहता है। सच कहूं तो, अपने दर्शकों से भी ज्यादा, मैं उन्हें सब कुछ बताने के लिए उत्सुक हूं। हम इस पर काम करते हुए रातों की नींद हराम कर रहे हैं। मुझे पता है कि यह कोई बहाना नहीं है, लेकिन हम उतने ही उत्साहित हैं। हम सबके लिए कुछ बहुत बड़ा तैयार कर रहे हैं। एक बार यह बन जाए, तो यकीन मानिए, हर कोई इसका भरपूर आनंद उठाएगा।

'जवान' के बाद फिर से दीपिका पादुकोण के साथ काम करने पर एटली ने कहा कि हां, वो मेरी लकी चार्म हैं। दीपिका के साथ यह मेरी दूसरी फिल्म है और उनके साथ काम करना बेहद शानदार है। वो लाजवाब हैं। मुझे लगता है कि मां बनने के बाद इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने पर आपको एक बिल्कुल अलग दीपिका देखने को मिलेंगी।

# टैलेंट से सफल अभिनेत्री और गायिका बनीं हैं श्रुति हासन



भारतीय सिनेमा में कुछ नाम ऐसे हैं, जो सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं हैं। ये नाम अपनी बहुआयामी प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाते हैं। 28 जनवरी को अपना जन्मदिन मनाने वालीं श्रुति कमल हासन ऐसी ही एक शख्सियत हैं। एक सफल अभिनेत्री, गायिका, संगीतकार और परफॉर्मर, जिनकी पहचान केवल एक स्टार किड के तौर पर नहीं, बल्कि एक मेहनती और टैलेंटेड आर्टिस्ट के रूप में बनी है।

हासन परिवार में जन्म लेने के बावजूद श्रुति ने अपनी राह खुद बनाई। वह न सिर्फ एक सफल अभिनेत्री हैं, बल्कि एक स्थापित गायिका और म्यूजिक कंपोजर भी हैं, जिन्होंने तमिल, तेलुगु और हिंदी सिनेमा में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। श्रुति ने चेन्नई के एबाकस मोंटेसरी स्कूल में पढ़ाई की और दसवीं तक वहीं शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद मुंबई के सेंट एंड्रयूज कॉलेज से साइकोलॉजी की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें संगीत और सिनेमा में गहरी रुचि थी। इसी लगाव ने उन्हें आगे चलकर अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित म्यूजिशियंस इंस्टीट्यूट तक पहुंचाया, जहां उन्होंने संगीत की औपचारिक ट्रेनिंग ली।

महज छह साल की उम्र में श्रुति हासन ने अपने पिता की फिल्म थेवर मगन (1992) में पहला गाना गाया, जिसे इलैया राजा ने कंपोज किया था। इसके बाद स्कूल के दिनों में उन्होंने हिंदी फिल्म चाची 420 (1997) में भी गायन किया। साल 2000 में कमल हासन के निर्देशन में बनी फिल्म हे राम में उन्होंने बाल कलाकार के रूप में अतिथि भूमिका निभाई और उसी फिल्म के लिए हिंदी और तमिल में टाइटल थीम रामा रामा भी गाई। एक अभिनेत्री के तौर पर श्रुति ने वयस्क भूमिका में डेब्यू 2009 में बॉलीवुड फिल्म 'लक' से किया। इसके बाद उन्होंने दक्षिण भारतीय सिनेमा की ओर रुख किया और यहीं से उनका करियर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा।

श्रुति को असली पहचान तेलुगु फिल्म अनागनगा ओ धीरुडु (2011) से मिली। इन फिल्मों में उनके अभिनय ने उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड फॉर बेस्ट फीमेल डेब्यू साउथ दिलाया। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया। रेस गुर्रम (2014) में दमदार भूमिका के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्ट्रेस तेलुगु मिला। कुल मिलाकर श्रुति के नाम तीन फिल्मफेयर अवॉर्ड्स सहित कई सम्मान दर्ज हैं। हिंदी सिनेमा में श्रुति हासन ने डी-डे, रामैया वस्तावैया, गब्बर इज बैक, वेलकम बैक, रॉकी हैंडसम जैसी फिल्मों में काम किया। जहां कुछ फिल्मों को समीक्षकों की सराहना मिली, वहीं कुछ बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। अभिनय के साथ-साथ संगीत श्रुति हासन की पहचान का अहम हिस्सा है। वह एक स्थापित पार्श्व गायिका हैं।

# शादी और करियर पर विक्रांत सिंह और मोनालिसा ने साझा किए दिलचस्प किस्से



मोनालिसा और विक्रांत रियलिटी शो 50 में एक साथ नजर आ रहे हैं। शो शुरू होने से पहले खास बातचीत में दोनों ने शो के फॉर्मेट, अपने रिश्ते और करियर को लेकर कई दिलचस्प बातें शेयर कीं। बता दें कि मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिसवास है और वे 50 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। बिग बॉस 10 के बाद उनकी लोकप्रियता और भी बढी और उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में भी अपनी मजबूत पहचान बनाई, जहां कई पापुलर शोज में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाईं।

### मोनालिसा को लेकर समाज की सोच पहले निगेटिव थी - विक्रांत

विक्रांत सिंह के मुताबिक, मोनालिसा जब बिग बॉस में आई थी, उससे पहले लोगों की सोच ज्यादातर निगेटिव थी। हम जिस सोसाइटी से आते हैं, वहां खासकर लड़कियों के लिए निगेटिव सोच जल्दी बनती है। घर से निकलकर फिल्म इंडस्ट्री में आना गलत मान लिया जाता है। आप सही हों या गलत लोग की नजर में आप गलत ही हो जाते हैं। अगर आपने ऐसा किरदार चुना जिसे आपको परफॉर्म करना है, तो भी गलत माना जाता है। लोगों ने मोनालिसा के बारे में गलत सोचा। वो लोग बोलने से पहले सोचते नहीं।

### शादी के बाद बदली राय, पर सोच धीरे बदलती है

वो आगे कहते हैं, बिग बॉस में आने के बाद कुछ हद तक राय बदली। हमारी शादी हुई तो और भी बदलाव आया। लेकिन सोच बहुत धीरे बदलती है। ज्यादातर लोग निगेटिव जाते हैं। आपकी मेहनत को लोग क्रेडिट नहीं देते कहते हैं अरे इसको ऐसे ही मिल गया होगा। ये सिर्फ मोना के साथ नहीं, कई लड़कियों के साथ होता है।

### 50 शो का स्केल देखकर दोनों ने तुरंत हां कहा

रियलिटी शो 50 के बारे में विक्रांत कहते हैं, मेकर्स ने बताया कि हिंदुस्तान का सबसे बड़ा शो बनाना चाहते हैं, 50 सेलेब्स आने वाले हैं। यह सुनकर कोई भी तुरंत सोच लेगा कि भाई मौका मिल रहा है, चौका मार देते हैं। तो हम तो तुरंत तैयार हो गए।

### मोनालिसा - 15 नहीं, 50 लोग... फॉर्मेट ही सबसे बड़ा बदलाव

मोनालिसा ने आगे जोड़ा, जब फॉर्मेट सुना तो सबसे पहला सोच यही थी कि बहुत अलग होगा। पहले जब मैं बिग बॉस में गई थी, वहां 15 लोग थे, यहां 50 रहेंगे। और हमें दोनों को साथ बुलाया गया है। बिग बॉस के बाद हमें ज्यादातर रियलिटी शो ही ऑफर होते रहे, जैसे नच बलिये, स्मार्ट जोडी, किचन चैम्पियन यह सब बहुत एक्साइटिंग था। मुझे नए एक्सपीरियंस लेना पसंद है। मैं चाहती हूं कि करियर वाइज हमेशा कुछ नया करूं और लकी हूं कि मिल भी जाता है।

### क्या रियलिटी शो रिश्ते पर असर डालते हैं?

विक्रांत साफ कहते हैं, पर्सनल लाइफ और घर में रहना एक बात है। लोगों के बीच जाकर कैसे रियेक्ट करते हो, वो दूसरी बात है। ऊपर से गेम खेलना है। तो मुझे लगता है कि डिफरेंसेज दिखेंगे ही। घर में भी कई मुद्दों पर हम सहमत नहीं होते। कोई प्लानिंग नहीं है हमारी। लोग मोना के नेचर को जानते हैं और मेरे लोग मुझे जानते हैं। मुझे उतना नहीं देखा है लोगों ने, तो इस शो से लोग मुझे पर्सनली जानेंगे। जो भी होगा नैचुरली होगा।

### विक्रांत अपने प्रोफेशनल फैसलों पर मोना पर कितना निर्भर हैं?

विक्रांत कहते हैं, एक पैसे का निर्भर नहीं हूं। ये अच्छा नहीं है, लेकिन सच है। मोना को भी मालूम है। मैं भी ऐसा प्लेटफॉर्म चाहता हूं, जहां लोग मुझे जानें। जहां भी गया हूं, मेरे लोग जानते हैं कि मैं बिल्कुल नहीं सुनता हूं। सुनूंगा तभी जब बात में लॉजिक हो, वरना नहीं। उम्मीद करता हूं कि इस शो से मुझे मेरी पहचान मिले।

### मोनालिसा किस तरह के रोल करना चाहेंगी?

मोनालिसा बताती हैं, बहुत सारे कैरेक्टर करना चाहती हूं। आजकल वेब सीरीज में इतने रियल रोल देखते हैं कि लगता है, ऐसा मैंने अभी तक किया ही नहीं है। रियल, नेचुरल, लोकेशन पर शूट बहुत कुछ बाकी है। पांच छह साल पहले पूछते तो कहती कि करीना की जब वी मेट जैसा चुलबुला रोल करना चाहती हूं। लेकिन अब उससे हटकर भी कई कैरेक्टर करना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in